## स्पीड न्यूज

### इग्नू का 36वां दीक्षांत तीन अप्रैल को, बांटी जायेंगी 405 डिग्रियां

रांची। इग्नू का 36वां दीक्षांत समारोह तीन अप्रैल को आयोजित किया जायेगा। समारोह 12.45 बजे कन्वेंशन सेंटर इंस्टीट्यूट नामकुम में होगा। देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुरमू दीक्षांत समारोह की मुख्य अतिथि होंगी, जो इग्नू नई दिल्ली मुख्यालय से दीक्षांत भाषण देंगी। रांची रिजनल सेंटर में बतौर मुख्य अतिथि रांची बिरसा कृषि विवि के कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह मौजूद रहेंगे। रांची रिजनल सेंटर में कुल 12314 छात्र डिग्री के लिये योग्य हैं, लेकिन, समारोह में कुल 405 छात्रों को डिग्री प्रदान की जायेगी।

### होमियापैथी चिकित्सा पर हनिमैन होमियो फोरम का सेमिनार आज

रांची। हनिमैन होमियो फोरम झारखंड चैप्टर द्वारा सतत चिकित्सा शिक्षण के तहत एक सेमिनार का आयोजन रविवार को आइएमए, करमटोली चौक में सुबह नौ बजे से किया गया है। प्रथम सत्र में मानसिक लक्षणों का मूल्यांकन और विश्लेषण के आधार पर औषधि चयन विषय पर देश के प्रसिद्ध विद्वान डॉ मयूरेश महाजन, मुंबई का ब्याख्यान है। द्वितीय सत्र में मुंबई के ही डॉ निखिल खेडकर का मटेरिया मेडिका एवं औषधि चयनिका विषय पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन होगा। यह जानकारी संयुक्त सचिव आइएचओ झारखंड डॉ दीपक कुमार दुबे ने दी।

### दोषियों की गिरफ्तारी नहीं हुई, तो रांची बंद का आह्वान होगा : नायक

रांची। झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय संयोजक विजय शंकर नायक ने शनिवार को कहा कि लोअर करम टोली में भू-माफिया द्वारा पवित्र सरना झंडा को उखाड़ कर फेंके जाने एवं जलाने की घटना को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अगर 72 घंटे के अंदर दोषियों को गिरफ्तारी नहीं की गयी, तो रांची बंद का आह्वान किया जायेगा। उन्होंने ये बातें शनिवार को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं राज्य के पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह को ईमेल के माध्यम से अपने भेजे गये पत्र में कही है। उन्होंने कहा है कि सरना झंडा उखाड़ फेंके जाने एवं जलाये जाने की घटना से आदिवासी सरना धर्मावलंबियों की धार्मिक भावना को ठेस पहुंची है। इसलिए सरकार एवं पुलिस प्रशासन इसकी अनदेखी ना करे। श्री नायक ने कहा है कि राजेंद्र मुंडा जी को सुरक्षा अविलंब प्रदान की जाये। सरना झंडे को पूरे विधि विधान के साथ जिस जमीन से उखाड़ा गया है, वहीं पूजा-पाठ के साथ झंडागड़ी की जाये।

# स्कूलों में शुरू हुई नये टाइम टेबल से पढ़ाई

## तीन माह तक डे शिफ्ट की बजाय मॉर्निंग शिफ्ट में चलेंगे विद्यालय

खबर मन्त्र ब्यूरो




रांची। राज्य के सरकारी के साथ-साथ निजी स्कूलों में भी इस माह से टाइम टेबल में बदलाव किया गया है। शनिवार से नियमित रूप से सुबह की कक्षाएं शुरू हो गयीं।

झारखंड में अगले तीन माह (30 जून तक) स्कूलों में चल रही डे शिफ्ट की बजाय मॉर्निंग शिफ्ट में स्कूल संचालित किये जायेंगे। सरकारी स्कूल दो घंटे पहले खुलेंगे, जबकि अन्य निजी स्कूल भी एक से दो घंटे पहले खुलेंगे। पूर्व में सरकारी स्कूल सुबह 9:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक संचालित होती थी।

**अभी भी बनी हुई है असमंजस की स्थिति :** शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार सुबह की पाली की कक्षाओं के बाद इंडोर और आउटडोर खेलों का आयोजन किया जायेगा। ऐसे में अभी भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है कि गर्मी में दोपहर 1:00 बजे तक बच्चे खुले मैदान में कैसे खेलेंगे। इसको लेकर शिक्षक संगठनों के साथ ही झारखंड विधानसभा में विधायकों ने भी आवाज उठायी है, लेकिन विभाग अब तक इसमें किसी प्रकार का बदलाव नहीं किया है।

सरकारी स्कूलों में मॉर्निंग शिफ्ट होने की स्थिति में शिक्षकों को सुबह 6.45 बजे तक पहुंचना होगा। सुबह 7 से 7:15 बजे तक प्रार्थना सभा होगी। हालांकि, राज्य सरकार ने टाइम टेबल में बदलाव का आश्वासन दिया है।

### ये होगा नया टाइम टेबल

**प्रातः** 7:00 से 7:15 बजे तक प्रार्थना सभा होगी। इसके बाद क्लास में अटेंडेंस ली जायेगी। पहली घंटी 7.25 मिनट से शुरू होगी। पहली दो घंटियां 45-45 मिनट की होंगी और उसके बाद पांच मिनट का ब्रेक दिया जायेगा। तीसरी, चौथी और पांचवीं घंटी 40-40 मिनट की होगी। मध्याह्न भोजन के लिए सुबह 11 बजे से 11.30 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। इसके बाद छठी घंटी 40 मिनट, पांच मिनट का ब्रेक और 7वीं घंटी 35 मिनट की होगी। इसके बाद एक घंटे तक इंडोर और आउटडोर गेम्स खेले जा सकते हैं।

# कामदा एकादशी पर खाटू नरेश की सेवा में हाजिर हुए भक्त



खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा निर्मित व संचालित हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में कामदा एकादशी के अवसर पर शनिवार को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि प्रातः मंगला आरती भोग अर्पित कर बाबा का प्रातः कालीन श्रृंगार कर पंच आरती की गयी। प्रातः से ही खाटू नरेश के दरबार में दर्शन करने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा।

उन्होंने बताया कि दोपहर के बाद मंदिर के पट बंद करके खाटू नरेश का केसर चंदन तिलक श्रृंगार किया गया। नवीन बागा पहनाया गया। लाल गुलाब, बेली, तुलसीदल की मोटी-मोटी फूल मालाओं से खाटू नरेश को सजाया गया। सूखे मेवे का भोग लगाया गया। मंडल के मंत्री श्यामसुंदर शर्मा, पहले आचार्य रत्नाकर शर्मा, आचार्य अनूप दाधीच के सानिध्य में कामदा एकादशी का अनुष्ठान वैदिक रीति से संपन्न हुआ। श्री श्याम दरबार का संध्या बेला में पट खुलते ही भक्तजनों की जय जयकारों से पूरा श्याम मंदिर गूंज उठा। पिंटू बरनवाल, स्वीटी बरनवाल, यूती वर्णवाल ने परिवार के साथ खाटू नरेश की अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित करके पंचमेवा, विभिन्न मिष्ठान, नमकीन, अंगूर, फल, दूध, रबड़ी का प्रसाद चढ़ाया।

मुक्तेश्वर पांडे ने पंचमेवा, ओमप्रकाश बरेजा ने प्रसाद सेवा, पिंटू बरनवाल ने श्रृंगार सेवा व एक श्याम भक्त ने गिरीगोला सेवा निवेदित की। इसके बाद मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में भजन संकीर्तन प्रारंभ हुआ। इसमें श्रवण ढानढनिया, सलज अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, साकेत ढानढनिया, किशन शर्मा, अनुज मोदी, मनोहर केडिया आदि ने एक से बढ़कर एक भजनों का गायन कर भक्तजनों को झुमाया।

इस अवसर पर विश्वनाथ नारसरिया अनिल नारनौली संजय सराफ अजय मारू, दिनेश अग्रवाल, रतन शर्मा, रौनक पोद्दार सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे। देर रात महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# सुकुरहूटू रिंग रोड आइटीबीपी के पास किडजी प्री स्कूल का हुआ उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। सुकुरहूटू रिंग रोड आइटीबीपी के समीप किड्जी प्री स्कूल का उदघाटन शनिवार को हुआ। स्कूल में बच्चों को कोई परेशानी नहीं हो इसको लेकर स्कूल प्रबंधन की ओर हर तरह की सुख सुविधा का ख्याल रखा गया है। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले इसके लिए अनुभवी शिक्षकों को रखा है। वहीं छोटे-छोटे बच्चों को खेलने के लिए स्कूल में बेहतर प्रबंध किया गया है। प्रबंधन का कहना है कि बच्चों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो इसका भरपूर ख्याल रखा गया है।

स्कूल के उदघाटन के मौके पर रांची के ग्रामीण एसपी नौशाद आलम, ड्रॉक्टर शंभू प्रसाद सिंह, प्रधानाध्यापिका श्वेता सिन्हा, रंजीत कुमार सिंह, गुड़िया सिंह, चंदन सिंह और कई गणमान्य लोग मौजूद थे। समारोह का समापन देश भक्ति गानों से हुआ।

# एनआइबीएम के कई विद्यार्थियों का हुआ है अंतिम रूप से चयन

खबर मन्त्र संवाददाता




रांची। सर्कुलर रोड स्थित एनआइबीएम संस्थान पिछले 25 वर्षों से लगातार बेहतर रिजल्ट देते आ रहा है। इस वर्ष की शुरुआत में ही बैंकिंग में अनेकों छात्रों का चयन हुआ, जिसमें प्रिया, वैष्णवी, अमरदीप, सौरभ, चंद्रकला, अमित, सुजाता आदि शामिल हैं। सफल छात्रों को निदेशक ने सम्मानित किया तथा बताया कि इस वर्ष भी स्नातक कर रहे तथा पास हुए विद्यार्थियों के लिए नये पैटर्न पर बैंकिंग, एसएससी, रेलवे, जेपीएससी के विशेष बैच हिंदी तथा अंग्रेजी माध्यम में 7 तथा 14 अप्रैल से प्रारंभ किये जा रहे हैं। साथ ही, कहा कि यहां के शिक्षकगण 25 वर्षों से अधिक का अनुभव रखते हैं। निदेशक खुद मैथ तथा रीजनिंग की क्लास लेते हैं। यहां बेहतर तथा हजारों पुस्तकों तथा मैगजीन से सुसज्जित बहुत बड़ी लाइब्रेरी है, जहां विद्यार्थी ग्रुप बनाकर पढ़ते हैं। संस्थान में नये पैटर्न पर ऑनलाइन टेस्ट के लिए कंप्यूटर लैब है। प्रत्येक दिन क्लास में टोटल डाउट क्लियर कराया जाता है। तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को सफल विद्यार्थियों के साथ मिलवाया जाता है। विशेषज्ञों द्वारा करियर काउंसलिंग की जाती है और विद्यार्थियों को मोटिवेट करवाया जाता है, जिससे विद्यार्थी मात्र 6 से 12 माह में ही अंतिम रूप से चयनित हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि इच्छुक विद्यार्थी सेंटर पर आकर विशेष जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# मां सरस्वती की आराधना के साथ निर्मला कॉन्वेंट में सत्र की शुरुआत

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल एदलहातू में शिनवार से नए सत्र 2023-24 की शुरुआत विद्या की आधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर की गई। विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने पूजा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शांतचित अवस्था में होकर , पूजा - अर्चना करने से हमें आत्मबल के साथ आंतरिक ऊर्जा प्राप्त होती है। प्राचार्य ने आशा की है की नए सत्र सभी छात्र -छात्राओं के लिय नई ऊर्जा लेकर आएगा।

विद्यालय प्रबंधन समिति की सचिव सीमा शर्मा ने सभी छात्र-छात्राओं तथा नए छात्र-छात्राओं को नए सत्र में आने का स्वागत किया तथा नए सत्र की घोषणा की । वहीं वाइस प्रिन्सिपल शिल्पी रानी ने बताया की जैसा की हमारी सांस्कृतिक परंपरा रही है, किसी भी शुभ कार्य का आरंभ हमलोग आपने ईष्ट देव की आराधना के साथ करते हैं । यह भी उसी मान्यता का एक अंग है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को नए सत्र के अनुशासन, नियम-कानून से अवगत करवाया।

मौके पर सभी ने मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान सभी विद्यार्थी अति प्राफुल्लित मुद्रा में नजर आ रहे थे। विद्यालय में पुर्व से अध्ययनरत विद्यार्थी नए सत्र के साथ, नव नामांकित विद्याथीयों को अपने दोस्त के रूप में पाकर काफी हर्षित एवं प्रशान्नचित नजर आ रहे थे। विद्यालय की इस पारंपरिक पूजा अर्चना की बेला में शिक्षक गोपाल चन्द्र दास, मोनी बाला शर्मा, सुधा राणा, निशा सिंह, अनिमा एक्का , किरण कुमारी, आशुतोष कुमार, गीता चौधरी, शिवानी कुमारी, कविता चौधरी, वर्षा राणा सहित कई शैक्षणिक तथा अशैक्षणिक स्टाफ तथा सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

### मेकॉन ने मनाया 65वां स्थापना दिवस

रांची। मेकॉन लिमिटेड ने शुक्रवार को अपना 65 वां स्थापना दिवस बेहद हर्ष और उल्लास के साथ मनाया। रांची स्थित मेकॉन कम्युनिटी सभागार में आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। मेकॉन के निदेशक (तकनीकी) एके अग्रवाल ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के समर्पण और प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने अपने संबोधन में बेहतर कार्य करने के लिए सभी को प्रेरित किया और आने वाले समय में निर्धारित किए गए लक्ष्य को पूरा करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में इन हाउस बनी एक कॉर्पोरेट फिल्म भी दिखाई गई, जिसमें मेकॉन के स्थापना से लेकर संस्थान के हर एक पहलू को शानदार तरीके से फिल्माया गया है। इसके अलावा गानों का मेडले और डांस कम एक्ट, जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

# अखंड भारत ने रामनवमी पर लगाया स्वागत शिविर, धार्मिक पुस्तकों का किया वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता




रांची। अखंड भारत ने रामनवमी के अवसर पर राजेंद्र चौक पर स्वागत शिविर लगाया। इस मौके पर रामचरितमानस, 108 सुंदरकांड, 105 श्रीमद्भागवत गीता, 500 से अधिक हनुमान चालीसा सहित शॉल, तलवार, बजरंगबली का फोटो, राम नाम का पट्टा, चुनरी आदि का वितरण किया गया।

अखंड भारत के अध्यक्ष बृजेश सिंह के नेतृत्व में संस्था के सैकड़ों कार्यकताओं ने भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। मौके पर राजीव कुमार अधिवक्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने अखंड भारत की विचारधारा को स्वीकार किया। इसी के साथ संस्था ने सर्वश्रेष्ठ झांकी का पुरस्कार श्री गोरखा महावीर हॉस्पिटल लाइन अध्यक्ष कमल गिरी जी को प्रदान किया। सर्वश्रेष्ठ झंडा श्री मनोकामना पूर्ण हनुमान मंदिर लाइन टैंक रोड पीडब्लूडी कैंपस के अध्यक्ष शंकर सिंह को दिया, श्री मनोकामना मंदिर का झंडा 571 मीटर लंबा एवं बास 101 फीट लंबा था। सर्वश्रेष्ठ डंका का पुरस्कार वीरेंद्र प्रधान के गौरी शंकर नगर हनुमान मंदिर बैंड को दिया गया। इनके अलावा, चडरी सरना समिति, कमंडल सेवा सदन, बाल युवा दुर्गा पूजा समिति, महावीर चौक महावीर मंदिर, महावीर मंडल बिरसा चौक, महावीर मंदिर मोराबादी, राम नवमी पूजा शहीद चौक, श्री शिव मंदिर एचडी रोड थारपखना, धोबी मोहल्ला रातू रोड, श्री चैती दुर्गा पूजा समिति आदर्श नगर, महावीर मंदिर प्लाजा चौक, महावीर मंडल बेनी गली, मिश्री गोदा कांके रोड, चौधरी परिवार कुम्हार टोली, डांगराटोली देव मंदिर, महावीर मंदिर थड़पखना, श्री महावीर मंडल लोहरा कोचा, पिस्का मोड़ एवं कोकर महावीर मंडल सहित 51 अन्य मंडलियों को भी सम्मानित किया गया। मौके पर श्याम नंदन जी, प्रणव कुमार पंडा, सुनील सिंह, जगदीश नाग, सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# निराश्रित महिलाओं की मौत का फरमान है डायन शब्द

**लैंगिक असमानता : रूढ़िवादी सोच में बदलाव के लिए संघर्ष पार्ट-3**



डायन शब्द को छोटानागपुर में निवास कर रही जनजातियों सहित सभी जातियों की निराश्रित महिलाओं के लिए मौत का फरमान कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। छोटानागपुर में अब डायन एक प्रथा का रूप ले चुकी है। सर्वविदित है कि किसी भी प्रथा को स्थापित होने में सदियां लगती है और सदियों की जकड़न को उतार फेंकना समाज भी नहीं चाहता है। इनके खिलाफ में आवाज उठाने वालों को जबरदस्त विरोध का सामना करना पड़ता है। ऐसे में अक्सर देखा जाता है कि पुरुष प्रधान समाज का पुरुषत्व चरम पर होता है और महिलाओं की आवाज को जबरन दबा दिया जाता है। कई मौकों पर तो महिलाएं ही अंधविश्वासों को हवा देती नजर आती हैं।

झारखंड की 32 जनजातियों में उरांव को सबसे शिक्षित और उन्नत माना जाता है। इस दृष्टि से अवलोकन करें तो यह समाज भी डायन प्रथा उन्मूलन के मामले में अन्य जातियों के समान ही उदासीन नजर आता है। हालांकि अब जागरूकता आई है तथा कुछ प्रबुद्ध लोग इस प्रथा को पूरी तरह से प्रतिबंधित करने और सख्त कानून के तहत कार्रवाई की सिफारिश भी करते हैं।

गौरतलब है कि डायन करार दी गई लगभग 80 प्रतिशत तक महिलाओं की सामूहिक तौर पर पीट कर हत्या कर दी जाती है। जो बच जाती हैं, उनका भी जीवन नर्क के समान ही बना रहता है। अपशकुनी मान पूरा समाज उन्हें आजीवन प्रताड़ित और तिरस्कृत करता है। यहां यह समझना लाजमी है कि डायन को लेकर समाज में जो प्रचलित मान्यताएं हैं वह समाज में कितनी गहरी पैठ रखती हैं तथा तर्क और व्यावहारिकता के दृष्टिकोण से समाज पर कितना गहरा प्रभाव छोड़ती हैं। यह भी समझना आवश्यक है कि निराश्रित स्त्री में डायन का ऐसा कौन सा रूप समाज देख लेता है कि हत्या जैसे जघन्य अपराध करने तक से गुरेज नहीं करता है। इतना ही नहीं डायन करार दी गई महिलाओं को इस आरोप से संरक्षण दे पाने में सक्षम रिश्तेदार एवं पड़ोसी तक अपनी मौन सहमति देते नजर आते हैं। आ>र्य तो तब होता है जब डायन हत्या में शामिल लोग खुलेआम अपने कुकृत्य का बखान करते नजर आते हैं। समाज के अन्य लोग भी पुलिस प्रशासन को घटनाओं की सूचना नहीं देने में ही अपनी समझदारी समझते हैं। पकड़े जाने पर पुलिस और कानून के सामने भी अपने कृत्य को खुलकर स्वीकार करते नजर आते हैं और तर्क हर बार वही रहता है कि हमने अपने गांव और समाज को डायन से मुक्ति दिला दी है।

प्राचीन काल से चली आ रही सामाजिक व्यवस्था कुछ ऐसी बनी हुई है कि निराश्रित स्त्रियां जीवन यापन के साधन जुटाने और समाज की प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से उपेक्षा का सामना करने में ही पिस जाती हैं। कुल मिलाकर कहें तो इनके जीवन यापन की दिनचर्या को इस तरह दमघोटू बना दिया जाता है कि चाह कर भी उससे बाहर नहीं निकल पाती हैं। समाज उसे कुछ दिन तो पुराने रिश्ते के नजरिए से देखता है, लेकिन करीबी रिश्तेदारों द्वारा जैसे ही उसे सताया जाने लगता है आस पड़ोस के लोग घर का मामला बताकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। और यहीं से शुरू होता है उसकी जमीन जायदाद हड़पने का खेल। ऐसे मामलों में एक ही फामूर्ला काम में लाया जाता है, वह है डायन करार कर उसे रास्ते से हटा दिया जाए।

ग्रामीण जनजातीय बहुल क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों में आज भी नजर-गुजर, भूत-प्रेत, चुड़ैल-डायन को ही आम जीवन में आ रही बाधाओं का मुख्य कारण माना जाता है। आम बीमारी में भी लोग डॉक्टर से संपर्क करने से पहले किसी ओझा-गुनी अथवा झाड़-फूंक वाले से संपर्क कर निदान करने को प्राथमिकता देते हैं। हालात को भांपते हुए ऐसे ओझा भी अपना कार्य प्रारंभ कर देते हैं।

पहली नजर में ही ओझा उस मरीज पर किसी प्रेत, चुड़ैल अथवा दुष्ट आत्मा का साया अथवा किसी डायन की कारगुजारी करा देता है। ऐसे में यदि आस-पड़ोस में कोई निराश्रित स्त्री हो तो उसे ही इस बीमारी के लिए लोग शक के घेरे में ला खड़ा कर देते हैं। रही सही कसर वह ओझा पूरी कर देता है तथा उस स्त्री को इन हालातों के लिए जिम्मेदार ठहरा देता है। शक की इस चिंगारी कुछ इस कदर फैलती है कि संबंधित स्त्री के जीवन में आग सी लग जाती है। अब छोटी-मोटी परेशानियों के लिए उस स्त्री को जिम्मेदार ठहराया जाने लगता है। उसकी हर गतिविधि को संदेह की दृष्टि से देखा और आंका जाने लगता है। इस क्रम में यदि इलाज के अभाव में मरीज की हालत गंभीर हो जाती है तो लोगों की नजर में वह टोना टोटका एवं बुरी नजरों वाली बन जाती है, और यदि कहीं उस मरीज की मृत्यु हो जाती है तो ओझा अपना पल्ला झाड़ उस स्त्री को डायन करार देता है तथा आसपास के इलाके में हाल में घटी कुछ घटनाओं के लिए भी उस स्त्री को जिम्मेदार ठहराते हुए अपना पक्ष मजबूत करने में लग जाता है, भले ही किसी की मुर्गी बकरी अथवा अन्य पशु ही बीमार होकर क्यों ना मर गए हों। इतना ही नहीं वह निकट भविष्य में भी ऐसी और घटनाओं के होने की संभावना जताना नहीं भूलता है ताकि लोगों के शक की सुई उस स्त्री पर ही केंद्रित रहे ना कि उसके पाखंड की ओर से मुड़ जाए। प्रथा कानून की आड़ में लंबे समय से हो रही स्त्रियों की प्रताड़ना और डायन हत्या पर सरकारें भी बेबस नजर आती हैं।

सर्वविदित है कि मंत्रों में अदृश्य शक्ति होती है। वैदिक काल तथा प्राचीन धार्मिक ग्रंथों में भी मंत्रों की शक्ति के बल पर कई प्रकार के रोगों अथवा बाधाओं को दूर किया जाता रहा है। लेकिन उच्च स्तर की साधना और मंत्र सिद्धि करने वाले अपने ज्ञान का प्रदर्शन कर कमाई का माध्यम बना लें यह बात गले से नहीं उतरती है। आम लोगों की इन्हीं भावनाओं की आड़ में कुछ चालाक किस्म के लोग ओझाई अथवा झाड़-फूंक करने के नाम पर अपना रोजगार प्रारंभ कर देते हैं। कुछ ऐसे भी ओझा मिल जाएंगे जिनका इतिहास अपराध से जुड़ा होता है और कानून से बचने के लिए ऐसे अपराधी लोगों की अंधविश्वास का फायदा उठाते हैं, ओझा या तांत्रिक बनने का स्वांग रच कर समाज के सामने सफेदपोश बने रहते हैं।

वर्तमान परिपेक्ष में देखें तो आज छोटानागपुर का ग्रामीण और जनजातीय समाज अपनी रूढ़िवादी सोच से बाहर निकलना ही नहीं चाहता है। निराश्रित महिलाओं को समाज मदद करना तो दूर हाल-चाल तक पूछने तक से कतराता है। झारखंड में आज भी डायन बिसाहा ठहरा कर मौत का फरमान और हत्याओं का सिलसिला अनवरत जारी है।

**– राजेश कुमार**

**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, इन्हें पद्मश्री बलबीर दत्त मीडिया फेलोशिप मिला है।**

**(अगले अंक में : डायन के हत्यारों का दंभ, कानून और सरकार की पहल)**

### हनुमान जन्मोत्सव पर सभी मंदिरों और अखाड़ों में दीपोत्सव मनाने का निर्णय

रांची। श्री महावीर मंडल रांची के पदाधिकारियों की बैठक शनिवार को मंडल अध्यक्षल अशोक पुरोहित की अध्यक्षता में हुई । इसमें मुख्य रूप से श्री महावीर मंडल रांची के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा, चैती दुगार्पूजा महासमिति के महामंत्री गोपाल पारीक उपस्थित थे। बैठक में श्री महावीर मंडल रांची के पूर्व अध्यक्ष श्री मिश्रा ने बताया कि बैठक में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में राजधानी रांची सभी मंदिरों एवं अखाड़ो में दीपोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में दीपोत्सव को सफल बनाने के लिए 9 क्षेत्रिय प्रभारी नियुक्त किये गए है जिनके नेतृत्व में दीपोत्सव को सफल बनाया जाएगा। श्री मिश्रा ने कहा कि हनुमान जयंती के दिन 6 अप्रैल को महाबली हनुमान के झंडे को सहसम्मान उतार कर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर दीपोत्सव मनाएं एवं श्री रामनवमी मोहत्सव 2023 का समापन करे। दीपोत्सव को सफल बनाने की जिम्मेदारी राज किशोर, कैलाश केसरी, उपेन्द्र रजक, सुनील रंजन सहाय, डॉ जीवाधन प्रसाद आदि को दी गयी।

# प्रेमिका से अनबन हुई तो प्रेमी ने तीसरे तल्ले से लगा दी छलांग

## युवक, युवती से मिलने हरियाणा से आया था रांची

### डोरंडा पुलिस प्रेमिका से कर रही है पूछताछ



सांकेतिक तस्वीर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** प्रेमिका से अनबन होने पर एक प्रेमी ने हिनू के एक होटल के तीसरे तल्ले से छलांग लगा दी। घटना डोरंडा थाना क्षेत्र के हिनू के पास की है। इस घटना में युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे आनन- फानन में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

**क्या है पूरा मामला :** जानकारी के अनुसार शुक्रवार (31 मार्च) से एक निजी होटल में कमरा लेकर ठहरे हरियाणा के रोहतक के रहने वाले पीयूष गुप्ता ने अचानक होटल के कमरे स्थित बालकनी से छलांग लगा दी। जैसे ही युवक के ऊपर से गिरने की आवाज आई होटल के कर्मचारी और कर्मचारी दौड़े-दौड़े मौके पर पहुंचे। उस दौरान वहां एक महिला भी मौजूद थी। जिसने होटल वालों को बताया कि पीयूष ने आत्महत्या की कोशिश की है। होटल के तीसरे माले से कूदने की वजह से पीयूष गुप्ता को गंभीर चोटें आई है। होटल के कर्मचारियों ने ही तुरंत एंबुलेंस बुलाकर उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा है। जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

**पुलिस को देर से मिली सूचना :** डोरंडा थाना प्रभारी रमेश कुमार सिंह ने बताया कि पीयूष कुमार गुप्ता नाम के युवक के द्वारा होटल के तीसरे माले से कूदे जाने की सूचना मिली। पीयूष जिस समय नीचे कूदा उस दौरान वहां पर एक कार खड़ी थी पीयूष कार पर ही गिरा है जिसकी वजह से कार भी क्षतिग्रस्त हो गई है। पीयूष हरियाणा का रहने वाला है और अपने मंगेतर से मिलने के लिए वह रांची आया हुआ था। मंगेतर के साथ होटल में ही हुई अनबन के बाद पीयूष ने आत्महत्या करने की कोशिश की है। पुलिस पीयूष से मिलने आई युवती से भी पूछताछ कर रही है।

## रांची शहर की यातायात व्यवस्था को लेकर उपायुक्त ने की बैठक, सख्त दिशा-निर्देश जारी

# नो वेंडर जोन में फूड कोर्ट और ठेला लगाने पर पूर्ण प्रतिबंध, उल्लंघन पर होगी कड़ी कार्रवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ और सुगम बनाने के लिए उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को बैठक की। इस दौरान उपायुक्त ने 1 महीने के अंदर शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिये। जिला प्रशासन की ट्रैफिक व्यवस्था को छह जोन में बांटकर सुधार करने की तैयारी है। उपायुक्त ने शहर की सभी जोन की सड़कों पर ठेला-खोमचा, फूड वैन आदि न लगे इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने नो वेंडर जोन में फूड कोर्ट और ठेले लगाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने तथा इसका उल्लंघन करने वालों पर कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिया। बैठक में एसएसपी कौशल किशोर, सिटी एसपी एस.जैन, पुलिस अधीक्षक (यातायात) एच. बी. जमां आदि थे।



### जोन 1

**लालपुर चौक-कांटाटोली चौक-कोकर चौक-कोकर चौक-बुटी मोड़**

उपायुक्त ने लालपुर चौक-कांटाटोली चौक-कोकर चौक पर अव्यवस्थित ट्रैफिक बूथ एवं विज्ञापन बोर्ड को अविलंब हटाने का निर्देश दिया। इस पूरे जोन में एक महीने के भीतर अव्यवस्थित बिजली के खंभों को भी हटाया जायेगा। साथ ही पथ निर्माण विभाग को राँची शहर के सभी स्थान जहां सड़क मरम्मत की आवश्यकता है, वहां तुरंत कार्य करने के निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने लालपुर पेट्रोल पम्प के सामने ट्रैफिक बूथ को स्थांतरित करने, प्रचार बोर्ड को हटाने एवं राजस्थान कलेवालय के पास ट्रैफिक सुगमता के लिए आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने इसके लिए एक माह का समय दिया है। लालपुर चौक स्थित उदय मिष्ठान भंडार के आसपास बिजली के खंभे, पैनल बॉक्स हटाने एवं लालपुर डाकघर के पास के क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त करने का निर्देश भी दिया। वहीं डंगराटोली चौक से कांटा टोली चौक, कांटा टोली चौक से कोकर चौक, कोकर चौक से बुटी मोड़ और कोकर चौक से लालपुर चौक पर बिजली के खंभे एवं स्लैब हटाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आवागमन लेफ्ट फ्री करने के लिए अतिक्रमण हटायें। उपायुक्त ने स्मार्ट सिटी राँची, के जेनरल मैनेजर एवं उप नगर आयुक्त, राँची नगर निगम को शहर की सड़कों पर स्थित साईकिल स्टैंड जिनके कारण जाम की समस्या हो रही है, उन्हें हस्तांतरित करने को कहा।

### जोन 2

**रेडियम चौक-जेल चौक-न्यूक्लियस चौक-प्लाजा चौक-मिशन चौक**

उपायुक्त ने जोन 2 में अव्यवस्थित बिजली के खंभों को स्थानांतरित करने, प्रचार बोर्ड हटाने तथा जेल चौक के आस-पास पेवर ब्लॉक लगाने, ट्रैफिक सिग्नल पोल को स्थानांतरित करने का निर्देश दिया। उन्होंने न्यूक्लियस मॉल के पास नाली निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया। प्लाजा चौक से न्यूक्लियस मॉल चौक तक कंट्रोल पैनल, ट्रैफिक बूथ, बिजली ट्रांसफॉर्मर स्थान्तरित करने, क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त करने का निर्देश दिया।

### जोन 3

**कर्बला चौक-बहुबाजार चौक-मुंडा चौक-पटेल चौक-सुजाता चौक**

उपायुक्त ने चिन्हित स्थानों में अव्यवस्थित खंभों को स्थानांतरित करने एवं इन सभी स्थानों में अतिक्रमण हटा कर एक माह में ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया।

### जोन 4

कमिश्नर चौक-सुभाष चौक-शहीद चौक फिरायालाल चौक-सर्जना चौक-काली मंदिर चौक-वुल हाउस चौक रतन पी.पी. चौक।

### जोन 5

मुक्तिधाम ब्रिज-किशोरगंज चौक-गाड़ीखाना चौक-शनि मंदिर चौक- गौशाला कटिंग-न्यू मार्केट चौक रातु रोड।

### जोन 6

राजेंद्र चौक-देवेन्द्र मांझी चौक-मेकॉन चौक-ए. जी. मोड़ जेवियर मोड़-हिनू चौक एवं बिरसा चौक।

इसके अलावा डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने शहर के सभी हिस्सों में संचालित बेतरतीब ऑटो स्टैंड को भी हटाने का निर्देश दिया।

# कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए सांसद सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन : संजय सेठ

## 5, 6 और 7 मई को रांची में युवा रंगमंच के तत्वावधान में सांसद सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सांसद संजय सेठ की ओर से 5, 6 और 7 मई को रांची में युवा रंगमंच के तत्वावधान में सांसद सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश गांव पंचायत स्तर पर छिपे प्रतिभावान कलाकारों को अपनी कला को दिखाने का अवसर प्रदान करना है। गांव में ऐसे कई कलाकार हैं, जो आर्थिक अभाव के कारण वह अपनी कला को नहीं दिखा पाते हैं। इस आयोजन से ऐसे कलाकारों को अपनी कला दिखाने का अवसर प्रदान होगा। इसी के निमित जो कलाकार संस्कृति महोत्सव में



हिस्सा लेना चाहते हैं, वह रजिस्ट्रेशन फॉर्म इन निंलिखित लोगों से संपर्क स्थापित कर फॉर्म ले सकते हैं। क्लासिकल नृत्य प्रतियोगिता सामूहिक तृशा भाटिया 9709069684, क्लासिकल नृत्य प्रतियोगिता सोलो सुनीता उरांव 9523426876 फोक नृत्य सामूहिक सुमोना चटर्जी 636340 4054 जनजातीय नृत्य समूह नित्य श्री देवदास विश्वकर्मा 87 8905 0806 जनजातीय इंस्ट्रुमेंटल प्रतियोगिता सोलो मंनपुरण नायक 7071082417 कोरियोग्राफी थीम बेस्ट डांस श्री सिकंदर ठाकुर 8210335269, वोकल सोलो क्लासिकल सेमी क्लासिकल लाइट वोकल श्री देव प्रिया ठाकुर 9430377731, सामूहिक गीत भारतीय /पाश्चात्य श्री रजत आनंद 6200032 956 माइमप्रतियोगिता सामूहिक मुन्ना लोहार 993115 2081 सनी सिंह 8789 359469, लघु नाटिका स्किट प्रतियोगिता शंकर पाठक 8877183983 सोनू सोनार 8935851653 अरगोड़ा स्थित मोहन कॉन्प्लेक्स सांसद कार्यालय से संपर्क कर फॉर्म ले सकते हैं।

इस प्रतियोगिता में सांस्कृतिक मंत्रालय के गुनी जज प्रतिभा को जज करेंगे। इस महोत्सव में भाग लेने वाले विजेता प्रतिभागी के बीच सटिफिकेट मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। रांची लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत कलाकारों को जागृत करने के लिए सभी विधानसभा में प्रचार रथ एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जाएगा। साथ ही रांची के सभी स्कूलों में संपर्क स्थापित कर खेल महोत्सव में बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इस महोत्सव में 10 साल तक के उम्र के बच्चे भाग ले सकेंगे। इस भव्य आयोजन को लेकर रांची के विभिन्न चौक चौराहों पर प्रदेश के सभी नामचीन कलाकारों के कट आउट लगाए जाएंगे। इसी के निमित सांसद कार्यालय में शनिवार को बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें सांसद संजय सेठ पूर्व सांसद अजय मारु, अजय मलकानी, शिव शंकर महली, संतोष पाठक, देवदास विश्कर्मा, मनपूरन नायक, नंदलाल नायक और एसडी सिंह समेत कई कलाकार उपस्थित थे।

# नक्सलग्रस्त इलाकों में किलानुमा पुलिस स्टेशन का होगा निर्माण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अब झारखंड पुलिस नक्सल ग्रस्त इलाकों में किलानुमा पुलिस स्टेशन का निर्माण कराएगी। पुलिस स्टेशन के निर्माण की वजह नक्सलियों के द्वारा थाने पर किए जानेवाले हमला को रोकना है।

झारखंड के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बनाये जा रहे फोर्टिफाइड यानि किलानुमा पुलिस स्टेशनों के निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए तथा पुलिस स्टेशनों के ससमय निर्माण और प्रगति के मूल्यांकन के लिए गृह कारा आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय स्टेट लेवल कमिटी का गठन किया गया है। इस कमेटी में अध्यक्ष के अलावा वित्त विभाग के प्रधान सचिव, एडीजी आधुनिकीकरण, आईजी प्रोविजन, आईजी अभियान और मुख्य अभियंता झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड शामिल हैं।

### 40 फीसदी राशि खर्च करेगी सरकार

स्पेशल इंफ्रास्ट्रकच्र स्कीम के तहत इस तरह के पुलिस स्टेशनों के निर्माण के लिए राज्य सरकार 40 फीसदी राशि खर्च करती है। वहीं केंद्र सरकार के द्वारा 60 फीसदी राशि देने का प्रावधान है। किलानुमा पुलिस स्टेशन में संतरी पोस्ट से लेकर सुरक्षा के तमाम उपाय मजबूत होते हैं, जिससे थाना भवन हर प्रकार से सुरक्षित रहता है।

### जेपीएससीएल करा रही पुलिस स्टेशनों का निर्माण

झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड (जेपीएससीएल) द्वारा फोर्टिफाइड पुलिस स्टेशनों का निर्माण किया जा रहा है। इनमें कई ऐसे पुलिस स्टेशन हैं, जिनका निर्माण कार्य अंतिम चरण पर है. पुलिस स्टेशन की फिनिशिंग का काम चल रहा है। इनका कार्य जल्द पूरा कर इन्हें झारखंड पुलिस को सौंप दिया जायेगा। जबकि ऐसे 32 पुलिस स्टेशन पूर्व में ही झारखंड पुलिस को सौंपे जा चुके हैं। कुल 54 पुलिस स्टेशन का निर्माण किया जाना है।

# दहेज प्रताड़ना का मामला सुलझा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** दहेज प्रताड़ना एवं मारपीट से जुड़े आठ माह पुराना मामला मध्यस्थता केंद्र में सुलझाया गया। जिससे शिकायतकर्ता के पति, ससुर एवं ननद को राहत मिली है। न्यायिक दंडाधिकारी अशोक कुमार की अदालत ने मुकदमे का सामना कर रहे बिहार के सीतामढ़ी निवासी सूचक का ससुर वीरेंद्र सिंह, सास प्रमिला देवी, पति अनिल कुमार



सिंह एवं ननद रीना कुमारी को बरी किया है।

यह मामला मोरहाबादी के हरिहर सिंह रोड निवासी विवाहिता ने एक जुलाई 2022 को बरियातू थाने में उक्त आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप लगाया गया था कि शादी के छह साल बाद दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा है। ससुराल वाले दहेज के रूप में 25 लाख की मांग कर रहे हैं, मामले की जांच पूरी करते हुए 30 सितंबर 2022 को आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सुलह के लिए मध्यस्थता केंद्र भेज दिया था। जहां दोनों पक्षों के बीच सुलह हो गया।

# अब आइजी भी बन सकेंगे एसीबी प्रमुख

**रांची (हि.स.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) को पुनर्गठित करने के संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। इसके अनुसार अब एसीबी प्रमुख के पद पर डीजी या एडीजी रैंक के अधिकारी के नहीं रहने पर आइजी स्तर के अधिकारी एसीबी प्रमुख का काम करेंगे। आइजी ही एसीबी प्रमुख को दी गयी अन्य शक्ति कार्यों का निर्वहण करेंगे।

# खूंटी में पिता ने किया दो अबोध पर हमला, एक की मौत

### आठ वर्षीय बच्चे की मौत जबकि 4 वर्षीय घायल बच्चे को रिम्स में कराया गया भर्ती

### आरोपित की मानसिक स्थिति खराब है। आरोपित के विरुद्ध मुरहू थाने में हत्या का मामला दर्ज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खूंटी।** जिले के मुरहू थाना क्षेत्र अंतर्गत रुमजुई गांव निवासी गूंगा बोदरा ने अपने दो अबोध बच्चों पर किसी हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। इसमें उसके आठ वर्षीय पुत्र अजीत बोदरा की मौके पर ही मौत हो गई जबकि चार वर्षीय पुत्र शीतल बोदरा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे रिम्स रांची में भर्ती कराया गया है। शनिवार को शव का सदर अस्पताल खूंटी में पोस्टमार्टम कराकर उसके स्वजनों को सौंप दिया गया।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार कोर हुई घटना के दौरान घर में सिर्फ आरोपित गूंगा बोदरा और उसके दो अबोध बच्चे थे। दोपहर लगभग साढ़े बारह बजे इस घटना की जानकारी गांव के कुछ लोगों को हुई, तो ग्रामीणों ने आरोपित को घेर लिए और इसकी सूचना मुरहू थाना की पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मुरहू थाना की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और आरोपित को हिरासत में लेकर खून से लथपथ दोनों बच्चों को पुलिस वाहन से ही तुरंत अस्पताल भेजा, जहां चिकित्सकों ने अजीत बोदरा को मृत घोषित कर दिया जबकि गंभीर रूप से घायल शीतल का प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। आरोपित की पत्नी के अनुसार आरोपित गूंगा की मानसिक स्थिति कुछ वर्षों से खराब है। उसका इलाज गांव के नीम-हकीम से कराया जा रहा था। पुलिस ने आरोपित गूंगा के विरुद्ध मुरहू थाने में हत्या का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को ससमय खाद्यान्न उठाव कर शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने का दिया निर्देश

# मार्च में कम खाद्यान्न वितरण पर उपायुक्त नाराज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को खाद्य आपूर्ति एवं धान अधिप्राप्ति से संबंधित समीक्षा बैठक की। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी अल्बर्ट बिलुंग, जिला सहकारिता पदाधिकारी, क्षेत्रीय प्रबंधक, एफसीआई, सहायक गोदाम प्रबंधक, सभी सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी एवं मिलर उपस्थित थे।

बैठक के दौरान उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2003 अंतर्गत खाद्यान्न उठाव एवं वितरण की प्रखंडवार विस्तार से समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने प्रखंडवार माह जनवरी, फरवरी और मार्च के खाद्यान्न उठाव और वितरण की जानकारी ली। जनवरी एवं फरवरी महीने में खाद्यान्न वितरण पर उपायुक्त ने प्रसन्नता व्यक्त की, लेकिन मार्च महीने में कम खाद्यान्न वितरण पर उपायुक्त ने कड़ी नाराजगी जतायी। उन्होंने संबंधित प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को ससमय खाद्यान्न उठाव करते हुए शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।



### इन कार्यों की हुई समीक्षा

बैठक में उपायुक्त ने झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत रिक्ति स्थिति, आरसीएमएस में डीएसओ स्तर पर लंबित आवेदनों, 6 महीने से खाद्यान्न का उठाव न करने वाले राशन कार्डधारियों की स्थिति, मोबाईल सीडिंग, डूप्लीकेट यूआईडी, निलंबित डीलर, एनएफएसए के सभी लाभुकों को यूआईडी से सीडिंग, पीवीटीजी डाकिया योजनान्तर्गत खाद्यान्न का वितरण, पेट्रोल पर सब्सिडी देने हेतु सीएम सपोर्ट ऐप, सोना सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना, माह जनवरी, फरवरी एवं मार्च 2023 हेतु एनएफएसए योजनान्तर्गत खाद्यान्न का डीएसडी लिफ्टिंग एवं खाद्यान्नों की स्थिति की समीक्षा की।

### 15-20 दिनों में धान उठाव शुरू करें मिलर

धान अधिप्राप्ति केन्द्रों से धान उठाव की समीक्षा कर उपायुक्त ने मिलरों से यथाशीघ्र लैम्प्स से धान का उठाव करने को कहा। कहा कि 15-20 दिनों में मिलर टैग्ड लैम्प्स से धान का उठाव शुरू करें। इसे लेकर उन्होंने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

### ई-आरसीएमएस में डीएसओ स्तर पर लंबित आवेदनों की समीक्षा

ई-आरसीएमएस में डीएसओ स्तर पर लंबित आवेदनों की समीक्षा के दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि राशन कार्ड में सदस्य को जोड़ने हेतु कुल 60977 आवेदन लंबित हैं, जबकि बीएसओ स्तर पर 95971 आवेदन लंबित हैं। डीएसओ द्वारा बताया गया कि डीएसओ लॉगिन से अप्रूवल के बाद राज्य स्तर से आवेदन क्यू हो जाने के कारण निष्पादन नहीं हो पा रहा है। उपायुक्त ने इस संबंध में विभाग से पत्राचार करने का निदेश डीएसओ को दिया।

### बीएसओ लॉगिन में लंबित हैं 16760 आवेदन

नये हरा राशन कार्ड की समीक्षा के दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि बीएसओ लॉगिन में 16760 आवेदन लंबित है, नये राशन कार्ड कार्ड के लिए ग्राम सभा और निगम क्षेत्र में वार्ड सभा का अप्रूवल अनिवार्य कर दिया गया है। उपायुक्त द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को यथाशीघ्र ग्रामसभा से आवेदन अप्रूव करवा कर नया हरा राशन कार्ड बनवाने का निदेश दिया गया।

### 22306 कार्ड रद्द



प्रखंडवार खाद्यान्न का उठाव नहीं करनेवाले राशन कार्डधारियों के कार्ड डिलीशन की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि प्रक्रिया अनुसार खाद्यान्न का उठाव नहीं करनेवालों का कार्ड रद्द करें। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि 6 महीने पहले जिला में खाद्यान्न उठाव न करने वाले राशन कार्डधारियों की संख्या 34972 थी, जो अब 12666 है।

# 11 को झामुमो में फिर शामिल होंगे हेमलाल मुर्मू

**रांची।** राजमहल सीट से भाजपा की टिकट पर दो बार लोकसभा चुनाव लड़ चुके हेमलाल मुर्मू अब (झामुमो) झारखंड मुक्ति मोर्चा में घर वापसी करेंगे। झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन ने हेमलाल मुर्मू के घर वापसी को लेकर हरी झंडी दे दी है। हेमलाल मुर्मू 11 अप्रैल को झामुमो में शामिल हो रहे हैं। इसे लेकर बरहेट के धनजोरी गांव में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद उन्हें झामुमो में घर वापसी कराएंगे। इस दौरान कार्यक्रम में शिबू सोरेन समेत पार्टी के कई बड़े नेता उपस्थित रहेंगे। बता दें कि 2014 लोकसभा चुनाव से पहले तक हेमलाल मुर्मू की गिनती झामुमो के कद्दावर नेताओं में होती थी। बहरेट सीट से वे 1990, 1995, 2000 और 2009 में चार बार जेएमएम की टिकट से विधायक भी रह चुके हैं। हेमलाल मुर्मू 2004 में झामुमो की टिकट पर कांग्रेस से दोस्ताना संघर्ष में राजमहल सीट से सांसद भी रह चुके हैं। इसके बाद उन्होंने 2014 में होने वाले लोकसभा चुनाव के ठीक पहले ही बीजेपी ज्वॉइन कर ली थी। भाजपा में शामिल होने के बाद हेमलाल मुर्मू 2014 और 2019 में लोकसभा चुनाव में उतरे थे। लेकिन उन्हें चुनाव में हार मिली थी। हालांकि अब वे करीब नौ साल बाद फिर से घर वापसी कर रहे है हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि उनके घर वापसी के बाद अब जेएमएम मजबूत होगा।

# हटिया-एर्नाकुलम एक्सप्रेस 3 अप्रैल को बदले रूट से चलेगी

**रांची।** दक्षिण मध्य रेलवे के भीमडोलू-पुल्ला रेलखंड के बीच विकास कार्य हेतु ट्रैफिक ब्लॉक लिया जाएगा। ऐसे में रांची रेल मंडल से होकर चलने वाली हटिया-एनार्कुलम एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग से चलाने का निर्णय लिया गया है। ट्रेन संख्या 22837 हटिया-एनार्कुलम एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारम्भ दिनांक 03/04/2023 को अपने निर्धारित मार्ग विशाखापत्तनम, सामलकोट, एलूरु विजयवाड़ा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमवरम, गुडीवाडा, विजयवाड़ा होकर चलेगी तथा मार्ग परिवर्तन के कारण इस ट्रेन का एलूरु स्टेशन पर ठहराव नहीं होगा।

ट्रेन संख्या 13351 धनबाद-अल्लापुजा एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारम्भ 03/04/2023 को अपने निर्धारित मार्ग विशाखापत्तणम, सामलकोट, एलूरु, विजयवाड़ा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमवरम, गुडीवाडा, विजयवाड़ा होकर चलेगी। मार्ग परिवर्तन के कारण इस ट्रेन का ताडेपल्लिगुडेम एवं एलूरु स्टेशन पर ठहराव नहीं होगा।

# श्रीराम जन्मोत्सव से बच्चों को मिलता है संस्कार

## बारीडीह में लगा वीर बजरंग मेला, झांकी देख मंत्रमुग्ध हुए लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** बारीडीह स्कूल मैदान बारीडीह में शनिवार को रामनवमी पूजा सह वीर बजरंग समिति द्वारा लगाए गए बजरंग मेला में झांकी लेकर पहुंचे रामभक्तो द्वारा अस्त्र-शस्त्र चालन का प्रदर्शन किया गया। विभिन्न महावीर मंडलों द्वारा तलवार भाला व हनुमान पताका के साथ कई सनातन धर्म संस्कृति प्रदर्शित झांकी लेकर पहुंचे थें। वहीं पूजा समिति ओरमांझी द्वारा हनुमान, राक्षसों के साथ छोटे-छोटे बचे श्रीराम जानकी लक्ष्मण, भरत व शत्रुधन के रूप धारण कर पहुंचे और अखाड़े में प्रदर्शन किए। हनुमान रूप में एक रामभक्त मंच पर पहुंचे तो सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू हांथ जोड़ खड़े हो गए। बाद में उत्कृष्ट झांकी व खेल प्रदर्षन करने वालों को पुरस्कार के साथ तलवार दिया गया। सांसद संजय सेठ ने श्रीराम जन्मोत्सव की बधाई दी और कहा भगवान श्रीराम का चरित्र ही भारत की संस्कार व संस्कृति है। रामनवमी पर्व व मेला हमारे बच्चों को श्रीराम के चरित्र को जानने का अवसर प्रदान करती है। वहीं राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने कहा रामनवमी सिर्फ त्योहार ही नही भारतीय संस्कृति का प्रतिक है। सनातन धर्म में रामनवमी का विषेष महत्व है।



मंच पर उपस्थित संजय सेठ, आदित्य साहू और अन्य लोग।

### समारोह में थे मौजूद

पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, प्रमुख अनुपमा देवी, पूर्व प्रमुख जयगाविंद उर्फ लालू साहू, जिप सदस्य सरिता देवी, रामधन बेदिया, अमरनाथ चौधरी, दिलीप मेहता, सत्यनारायण तिवारी, अजय सिंह, रोहित साहू, राजधाम साहू, लक्ष्मण साहू, शंकर गुप्ता, भीम मुंडा, नरेश महतो, शशि मेहता, राजेंद्र महतो, सखिराम पाहन, बसंत महतो चंदरू नायक, सुजीत नायक, समिति के मुख्य संरक्षक मानकी राजेंद्र शाही, अध्यक्ष सिकंदर महतो, सोहराई महतो, संजय महतो, मुखिया, पंसस सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थें।



श्रीराम-लक्ष्मण, भरत, शत्रुध्न और जानकी का रूप धारण किए बच्चे।

## ई कल्याण पोर्टल खोलने का अनुरोध

**कांके।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर कांके क्षेत्र के समाजसेवी अनूप कुमार महतो ने झारखंड के विभिन्न महाविद्यालयों के बीएड सत्र 2021.23 के प्रथम वर्ष के छात्रवृत्ति से वंचित छात्र. छात्राओं के लिए ई कल्याण पोर्टल खोलने का अनुरोध किया है स अनूप कुमार महतो ने बताया कि बीएड सत्र 2021.23 की हजारों छात्र–छात्राओं का एडमिशन पिछले वर्ष 2022 में मार्च .अप्रैल में फोर्थ काउंसलिंग एवं ओपन काउंसलिंग में हुआ था स परंतु तब तक ई कल्याण पोर्टल बंद हो गया था। जब इस सत्र के छात्रों ने कल्याण विभाग से पोर्टल खोलने का अनुरोध किया तो पंचायत चुनाव का हवाला देकर पोर्टल नहीं खोला गया।

## स्पीड न्यूज

### इटकीः सड़क हादसे में एक की मौत, एक घायल

**इटकी।** रांची गुमला मुख्य मार्ग पर इटकी मोड़ के समीप शनिवार को हुई सड़क दुर्घटना में एक की मृत्यु हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों में मुन्नी उरांव (35 वर्ष) व भेलवा उरांव (50 वर्ष) कुल्ली डहू टोली के निवासी बताये गए हैं। सूचना पर घटनास्थल पहुंची पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए रिम्स भेजा। इनमें से एक की रास्ते में ही मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक मुन्नी व ढेला उरांव टीवीएस मोपेड में सवार हो कर रौंग साइड से वापस घर की ओर जारहे थे। इसी दौरान गुमला की ओर से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने मोपेड को अपनी चपेट में ले लिया व फरार हो गया। जिससे मोपेड सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये।

### अज्ञात वाहन के धक्के से बुजुर्ग घायल, रिम्स रेफर

**सिल्ली।** मुरी गोला पथ जामरीटांड़ के समीप बसारुली महुआटांड़ निवासी परेश चंद्र महतो (60 वर्ष) का शुक्रवार देर शाम मुरी से साइकिल से अपने घर जा रहे थे इसी क्रम में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय पुलिस सहयोग से उसे सिंहपुर नर्सिंग होम ले जाया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए उसे रिम्स भेज दिया गया।

### कंदरी मोड़ पर घर से सामान की चोरी

**मांडर।** थाना क्षेत्र के कंदरी मोड से शुक्रवार रात को चोरी की मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कंदरी निवासी दिलीप गुप्ता के घर से देर रात अज्ञात चोरों द्वारा हजारों रुपए के सामानों की चोरी कर ली गई। सुबह उठने पर घटना की जानकारी परिजनों को मिली। मिली जानकारी के अनुसार चोरों ने मुख्य ग्रिल का ताला तोड़कर अंदर रखे समरसेबल मशीन सहित होटल के कई बर्तनों पर भी हाथ साफ कर दिया। बताते चलें कि दिलीप होटल व्यवसाय से जुड़े हुए हैं। मामले की लिखित जानकारी पुलिस को दे दी गई है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

### वन अधिकारियों ने हाथी प्रभावित गांवों का किया दौरा

**सोनाहातू।** प्रखंड के मानकीडीह कुरचूडीह बिरदीडीह आदि गांवों का दौरा प्रभारी वनपाल करमा होरो के साथ टीम ने किया।गांव में हाथी द्वारा किये गये नुकसान की जानकारी लिया गया और नुकसान का आंकलन किया गया। ग्रामीणों से बैठक कर हाथी से गांव और फसल को सुरक्षित रखने के उपाय को बताया गया। साथ ही हाथी के झुंड को छेड़छाड़ करने की मनाही किया गया। इस दौरान गांव के युवकों के बीच फटाखे का वितरण भी किया गया। मौके पर हाथी मित्र तापस कर्मकार की टीम मौजूद थी।

### राहे में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**राहे।** प्रखंड सभागार में झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के तत्वाधान जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची के द्वारा ग्रामीणों के बीच विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर में लोगों को पीएलवी के द्वारा कई तरह के विधिक जानकारी दी गई। साथ ही लोगों को विधिक सेवा लेने के लिए उपाय को बताया गया। लोगों को विधिक सेवा आपके द्वार कार्यक्रम को विस्तार से बताया गया। मौके पर सीओ महेंद्र छोटन उरांवए ओपी प्रभारी रामरेखा पासवानए डालसा ओर पीएलवी सदस्य मौजूद थे।

### आजसू पार्टी बुद्धिजीवी मंच की बैठक कल

**सिल्ली।** सिल्ली स्टेडियम के समीप सोमवार को दोपहर 12 बजे सिल्ली विधानसभा स्तरीय आजसू पार्टी बुद्धिजीवी मंच की बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व उपमुख्यमंत्री सह सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो उपस्थित रहेंगे। सिल्ली प्रखंड आजसू पार्टी बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष विजय चंद्र महतो ने इसकी जानकारी देते हुए सिल्ली बिधान सभा आजसू पार्टी बुद्धिजीवी मंच के सभी पंचायतों के अध्यक्ष शामिल होंगे।

## सीजीएम सेवन स्टार्स एकेडमी स्कूल का शुभारंभ आज

**मैक्लुस्कीगंज।** मैक्लुस्कीगंज स्थित सीजीएम सेवन स्टार्स एकेडमी का शुभारंभ आजण उक्त आशय की जानकारी देते हुए सेवन स्टार्स वेलफेयर ट्रस्ट के चेयरमैन बीरेंद्र बेक ने बताया कि दिनांक 2 अप्रैल दिन रविवार को समय 12रू15 बजे मैक्लुस्कीगंज में सीजीएम सेवन स्टार्स एकेडमी स्कूल का शुभारंभ किया जायेगाण बताये कि झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडीए कांके विधायक समरीलालए खिजरी विधानसभा के पूर्व विधायक रामकुमार पहान मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

# ग्रीन एनर्जी सोलर प्लांट निर्माण स्थल का निरीक्षण

## सीएचपी-सीपीपी परियोजना की खाली पड़ी भूमि पर हो रहा सोलर प्लांट का निर्माण

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिपरवार।** ग्रीन एनर्जी को बढावा देने को लेकर कोल इंडिया अंतर्गत सीसीएल पिपरवार क्षेत्र एवं एन के एरिया को ग्रीन एनर्जी के तहत आत्म निर्भर बनाने को लेकर पिपरवार स्थित सीएचपीध सीपीपी परियोजना के खाली पड़े भू भाग में निर्माण की जा रही 20 मेगावाट सोलर प्लांट निर्माण स्थल का निरीक्षण कोल इंडिया चेयरमैन के सचिव एम के सिंह एवं एनटीपीसी डीजीएम अंकुर मल्होत्रा ने पिपरवार का दौरा किया ।इस दौरे के क्रम में उन्होंने सोलर प्लांट निर्माण स्थल मैं निर्माण किए जा रहे सोलर प्लांट का निरीक्षण कर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए । इस क्रम में उन्होंने पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष इलेक्ट्रिकल वाहनो जो सीसीएल मुख्यालय के बाद सीसीएल क्षेत्र में पिपरवार को 6 इलेक्ट्रिकल वाहन उपलब्ध कराए जाने पर विधिवत फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर उदघाटन किया गया ।बताते चले कि सीएचपी सीपीपी परियोजना पिपरवार में निर्माण किए जा रहे 20 मेगावॉट सोलर प्लांट की स्थापना से पिपरवार एवं एन के एरिया को परिपूर्ण रूप से बिजली प्राप्त हो सकेगी । जिससे दोनों क्षेत्रों में उजाला के साथ.साथ कोयला खदान के संचालन में एचईएमएम मशीनों के संचालन मैं कारगर साबित होगा ए साथ ही डीबीसी से करोड़ों रुपए की बिजली का भुगतान की भी बचत हो सकेगी द्यसोलर प्लांट से बची हुई कुछ मेगावाट बिजली डीबीसी को वापस कर दी जाएगी, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढावा मिलेगा।



# प्रबंधक के दुर्व्यवहार से नाराज वाटर पार्क कर्मियों की हड़ताल

## वाटर पार्क आने वाले सैलानियों को होगी परेशानी

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** दो वर्ष पूर्व खुले ओरमांझी के मनातु स्थित स्थित तरंग वाटर पार्क के कर्मी प्रबंधक के दुर्व्यवहार के खिलाफ हड़ताल पर चले गए हैं। जिससे वाटर पार्क का संचालन व वाटर की साफ-सफाई व अन्य कार्य वाधित हो गए हैं। वहीं वाटर पार्क पहुंचने वाले सैलानियों को परेशानी होगी। हडताल पर जाने से पूर्व शनिवार कर्मियों द्वारा पार्क के मुख्य गेट के आगे प्रदर्शन भी किया गया। प्रदर्शन कर रहे कर्मियों ने बताया वाटर पार्क में 21 लाईफ गार्ड सहित गांव के 28 लोगों को काम मिला है। पार्क आने वाले शौलानी के चोटिल व मृत्यु होने पर इसकी जिम्मेदरी कर्मियों के उपर ही है। इसके लिए प्रबंधक द्वारा सभी कर्मियों से एग्रीमेंट भी करा लिया गया है। वहीं जमीन लेने समय 15 हजार रूपया प्रति माह की नौकरी व पास देने का आश्वासन मिला था। पास तो मिला नही और अब प्रति दिन 300 रूपया बोलकर 9000 रूपया भी नही मिल रहा। बुधवार को सप्ताहिक छुटी रहती है। जिसका 1200 रुपया कर्मियों से काट लिया जा रहा है। वहीं ढंड के मौसम में पार्क चार माह बंद रहा। चार माह का पेमेंट नही दिया गया। वहीं वाटर पार्क प्रबंधक शैलेंद्र कुमार सिंह शुरू में कर्मियों की हड़ताल पर जाने की बात से भी मुकर गए।



### घंटों रहना पड़ता है पानी में, नहीं मिलता है पेमेंट

कर्मियों ने बताया आठ घंटा पानी में रहते हैं कर्मी बावजूद पूरा पेमेंट नही मिलता। इसकी जानकारी देते हुए हड़ताली कर्मियों ने कहा पार्क निर्माण करने से पूर्व जमीन मालिकों को नौकरी देने सहित कई सजबाग दिखा कर जमीन लिया गया। काम तो मिला, लेकिन पेमेंट पुरा नही दिए जा रहे हैं। पार्क में निर्माण कार्य में कर्मियों से मजदूरी व अन्य कार्य भी करवाए जाते हैं। जो विरोध करते व पुरा पेमेंट मांगते हैं। उन्हे मैनेजर काम से निकालने की धमकी व दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ता है। कर्मियों ने कहा है क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से भी मदद मांगी जाएगी। उनकी मांगे नही सूनी गई तो सैलानियों को पार्क में प्रवेश करने से रोक दिया जाएगा।

## गणेश प्रसाद बने भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष, बधाई

**खलारी।** भारतीय जनता पार्टी खलारी मंडल किसान मोर्चा अध्यक्ष गणेश प्रसाद यादव को नियुक्त किए जाने पर भाजपा खलारी मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही शशिभूषण सिंह फुलेश्वर महतो कार्तिक पांडेय अनिल गांझू श्याम सुंदर सिंह अरविंद सिंह भरत रजक शशि प्रसाद साहू जितेंद्र पांडेय प्रीतम साहू विकास दुबे राजू गुप्ता राजीव चटर्जी अजीत पांडेय रामसूरत यादवए सन्नी समद्द प्रदीप कुमार सिंह रामेश्वर महतो दिलिप पासवान कृष्णा चौहान ओम प्रकाश शर्मा, मिथिलेश प्रजापति सरोजनी देवी किरण देवी रवींद्र मुंडा अंशु सिंह ने बधाई दी है।

## हिसरी कांशीटोला में कलश यात्रा के साथ मंदिर वार्षिकोत्सव शुरू



खबर मन्त्र संवाददाता

**ठाकुरगांव।** थाना क्षेत्र के हिसरी कांशीटोला गांव में हनुमान मंदिर का तृतीय वार्षिकोत्सव सह तीन दिवसीय यज्ञ समारोह का शुभारंभ शनिवार को कलश यात्रा के साथ हुआ। कलशयात्रा में 351 कन्याओं व महिलाओं ने भाग लिया। कलश वितरण अतिथि जिप सदस्य मनोज वाजपेयी, भाजपा के वरीय नेता रामकुमार दुबे, मुखिया दशरथ उरांव ने किया। मौके पर मनोज वाजपेयी ने कहा कि यज्ञ होने से लोगों में आध्यात्म व धर्म का संचार होता है। साथ ही उन्होंने कहा कि यज्ञ से पूरा क्षेत्र भक्तिमय होता है। कलश यात्रा के दौरान महिलाओं के गगनचुंबी जयघोषों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। यज्ञ के सभी अनुष्ठान आचार्य धनंजय शास्त्री के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच यजमान संजय महतो सपत्नी द्वारा संपन्न किया जा रहा है। यज्ञ को लेकर पूरा इलाका भक्तिमय हो गया है। कलश यात्रा को सफल बनाने में रघुनाथ महतो, प्रदीप महतो, बालक महतो, वीरेंद्र महतो आदि की सराहनीय भूमिका रही।

# खलारी में मनरेगा योजनाओं का निरीक्षण

## रांची लोकपाल ने जांच कर दिये कई दिशा-निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** चुरी दक्षिणी पंचायत में चल रहे मनरेगा योजनाओं का जाँच राँची लोकपाल पुष्पलता जैसवाल के द्वारा पूरा किया गयाण इस जांच में बताया गया कि पंचायत में चल रहे या फिर कार्य पूर्ण मनरेगा योजना तो धरातल पर पाया गयाण लेकिन कही पर योजना किसानों से दूर रहीण मनरेगा योजना के बारे में छपी खबर के अनुसार बताया गया था कि योजना सिर्फ 300 मीटर के अंदर 32 मनरेगा योजना ;सिचाई कूपएडोभाद्ध का कार्य कर दिया गया हैण्लेकिन उक्त स्थल पर योजना दो ढाई किलोमीटर तक फैला हुआ हैए हालांकि कुछ योजना किसान के लिए अनुपयोगी हो सकता हैण वही ग्रामीण बताते है कि उक्त स्थल पूरा पठारी क्षेत्र थाण मनरेगा योजना हो जाने से उक्त स्थल पर बरसात के सीजन में धनरोपनीए सहित कई फसल अच्छा से हो जाता हैण वही इस सम्बंध में रांची मनरेगा लोकपाल से पूछे जाने पर बतायी कि योजना धरातल पर हैएकुछ योजना किसानों से दूर हैण इस जांच में रांची मनरेगा लोकपाल पुष्पलता जयसवालए प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी बिनय कुमार गुप्ताए कनीय अभियंता रमेश गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

# सीआइपी में मना विश्व बाइपोलर दिवस

**कांके।** शनिवार को सीआईपी कांके के बह्यरोगी हॉल में विश्व बाइपोलर दिवस के उपलक्ष में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्यातिथि एवं संस्थान के निर्देशक प्रोफेसर बासुदेव दास के अभिभाषण के साथ हुआ । डॉण दास ने बाइपोलर विकार के इतिहास के बारे में और संस्थान में शुरू हुई विशेष क्लिनिक जो हर सोमवार को चलता है उसमें उपलब्ध सेवाओं के बारे में भी उपस्थित मरीजों व अभिवावकों को अवगत किया एंव विश्व बाइपोलर दिवस के महत्व पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में डॉण आलोक प्रताप के द्वारा बाइपोलर विकार के बारे में सामान्य जानकारी के साथ साथ उनके उपचार से जुड़े पहलुओं पर भी जानकारी दी गई। इसके उपरांत नैदानिक मनोविज्ञान में सहायक प्रोफेसर मिस प्रकृति सिन्हा ने बाइपोलर विकार से जुड़ी विकृतियों व भ्रांतियों पर जानकारियां दी रिलैप्स यानि पतन के कारण और उससे जुड़े हुए उपचार के बारे में चर्चा किया जिसमें दवा का अनुपालन और सही दिनचार्य के बारे में भी जानकारी दिया। कार्यक्रम का अंत सनी कुमार शर्मा के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

# हार्ड वर्क कल्पनाओं को देता है मूर्त रूपः दीपाली

## भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन कंदरी में कार्यशाला

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** कंदरी स्थित भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन प्रांगण में शनिवार को भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन बीएड विभाग के द्वारा हर्ड वर्क बनाम स्मार्ट वर्क विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में झारखण्ड केन्द्रीय विश्वविद्यालय के सह.प्राध्यापक डॉण विमल किशोरए राँची विश्वविद्यालयए हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉण चन्द्रिका ठाकुर एंव साई नाथ विश्वविद्यालयए शिक्षा विभाग के संकाय प्रोण्डॉण तबस्सुम खान उपास्थित हुए। इस अवसर पर संस्थान की शैक्षणिक सचिव श्रीमती दीपाली पराशर ने छात्रध्छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हार्ड वर्क विचारों व कल्पनाओं को मूर्तरूप देता है और स्मार्ट वर्क बताता है कि समय का सदुपयोग कैसे करें। सीण्यूण्जेण के डॉण विमल किशोर ने कहा कि हार्ड वर्क और स्मार्ट वर्क एक दूसरे के पूरक हैं। उन्होने कहा कि 21वीं शताब्दि में कक्षा का श्यामपठ स्मार्ट हो या ना हो परन्तु कक्षा के शिक्षको को स्मार्ट तरीके के साथ बच्चों को पढ़ाने की कला आनी चाहिए। आरण्यूण के हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉण चन्द्रिका ठाकुर ने अपने विचारो में कहा हार्ड वर्क करने की क्षमता भी बच्चों में कम हो रही है जो चिन्ता का विषय हैए समय आ गया है कि जब पेरेन्ट और टीचर्स को स्मार्ट होकर सोचना पडेगा कि कैसे वे अपने बच्चों के उद्देश्यों को पूरा करने में सहायता कर पाऐंगें।




### स्मार्ट वर्क हार्ड वर्क का ही परिणाम है

एसएनयू प्रो डॉ तबस्सुम खान ने कहा कि स्मार्ट वर्क हार्ड वर्क का ही परिणाम है। स्मार्ट वर्क की गुणवता में महारत हासिल करने के लिए हार्ड वर्क जरूरी है। बि एण्डण के प्राचार्य प्रो० उपेन्द्र उपाध्याय,ए शिक्षा विभागाध्यक्ष राकेश कुमार रायए मनोज कुमार गुप्ता ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए। समन्वयक तथा धन्यवाद ज्ञापन सलमा खातून के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में बीएडए डीएलएड, डीफार्मा, बीएससी नर्सिंग एवं जी०एन०एम० के प्राचार्य तथा सभी व्याख्याता एवं शिक्षाकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

## एक नजर में

### उरुगुट्टू साप्ताहिक बाजार से कई लोगों की मोबाइल की चोरी

**ठाकुरगांव।** थाना क्षेत्र के उरुगुट्टू साप्ताहिक बाजार से अज्ञात चोरों ने शनिवार को कई लोगों का मोबाइल चोरी कर लिया। इस क्रम में चोरों ने खखरा पंचायत उत्तरी क्षेत्र के पंचायत समिति सदस्य भुनेश्वर साहु का भी मोबाइल चोरी कर लिया। मामले को लेकर पंसस ने ठाकुरगांव थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। इसके साथ ही चोरों ने तीन अन्य ग्रामीणों का भी मोबाइल चोरी कर लिया। विदित हो कि उरुगुट्टू बाजार में आये दिन मोबाइल चोरी की घटना होती रहती है।

### आईटीबीपी कांके में किड्जी स्कूल का उद्घाटन



**कांके।** आईटीबीपी कैम्प कांके रिंग रोड समीप शनिवार को किड्जी स्कूल का उद्घाटन मुख्य अतिथि ग्रामीण एस पी नौशाद आलम डॉ शम्भू प्रसाद सिंह प्रिंसिपल श्वेता सिन्हा भाजपा नेता अनिल महतो टाइगर समाजसेवी राजकुमार महतो ने किया। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल श्वेता सिन्हा ने बताया कि इस क्षेत्र में रहने वाले अभिभावकों के छोटे बच्चों के लिए किड्जी स्कूल बेहतर साबित होगा। वहीं स्कूल के निदेशक रंजीत सिंह ने कहा कि यहां 2.6 वर्ष तक बच्चों का नामांकन होगा। इस अवसर पर शिक्षकगण गुड़िया सिंह चंदन सिंह मुखिया रामलखन मुंडा फुलमनी नाग प्रभात भूषण दीपक महतो पुरुतोषम गोस्वामी राजकुमार महतो उमेशए विजय साहू रूपलाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### कलश विसर्जन के साथ रामकथा का समापन



**सिल्ली।** सिल्ली के राजागोड़ि निमुआ में चल रहे तीन दिवसीय राम कथा पाठ का शनिवार को पूणाहुति एवं कलश विसर्जन के साथ समापन हुआ। अंतिम दिन बोकारो के गोपाल शास्त्री एवं पुरुलिया के पंचानन बनर्जी के द्वारा पूजन, हवन आरती के बाद कलश का विसर्जन किया गया। पीले वस्त्र धारण किए हुए महिलाओं ने माथे पर कलश को लेकर जय श्री राम का नारा लगाया। जय श्री राम और हनुमान के जयकारे से पूरा गांव गूंज उठा। महिलाएं गांव की पगडंडियों से होते हुए उरांग गाढ़ा नदी में विधिवत कलश विसर्जन किया। इसके सफल आयोजन में दुर्गा महतो, विदुर महतो,संतोष महतो, सुभाष महतो,सावित्री देवी, अजीत महतो, डॉ संजीत महतो, वीरेंद्र, वीरेंद्र, दिनेश, रमेश, कलेश्वर, धालटू समेत निमुआ राजागोड़ा के ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा।

### अखंड रामायण पाठ का समापन



**सिल्ली।** सिल्ली धर्मशाला में दो दिवसीय अखंड रामायण पाठ का शनिवार को प्रसाद वितरण के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम का आयोजन मिना जालान के पहल पर मारवाड़ी महिला समाज के द्वारा किया गया था। पंडित नरेन्द्र उपाध्यक्ष ने रामायण पाठ करते हुए बारी बारी से रामायण के विभिन्न खंडों से राम कथा का वर्णन किया। स्थानीय भजन मंडली ने रामायण पाठ को संगीतमय बनाया। वहीं छोटे छोटे बच्चों ने ब्रह्मा, विष्णु, शिव, कृष्ण, राम, सिता हनुमान आदि भगवानों का रुप धारण कर प्रस्तुति दी। देर शाम श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

### श्री महावीर मंडल कांके की झांकी पुरस्कृत



**कांके।** श्री महावीर मंडल कांके की झांकी को रांची जिला स्तर पर हुई प्रतियोगिता में पुरस्कृत किया गया है। श्री महाअष्टमी के दिन रांची महानगर की ओर से आयोजित झांकी प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान मिला है। श्री महावीर मंडल रांची महानगर के संयोजक डॉ दिलीप सोनी ने शनिवार को श्री महावीर मंडल कांके के अध्यक्ष अनिल टाइगर को शिल्ड एवं 21 हजार का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। अनिल टाइगर ने श्री महावीर मंडल के संयोजक गिरिजा शंकर पाण्डेय मुख्य संरक्षक अतीश सिंह शिव महतो इंद्रासन सिंह हरे कृष्ण महतो सहित समस्त पदाधिकारियों और सदस्यों को इसके लिए बधाई दी तथा सहयोग के लिए आभार जताया।

### बेती में दुसाध कल्याण समिति की बैठक

**खलारी।** खलारी प्रखंड के बेती पंचायत में शनिवार को अखिल भारतीय दुसाध कल्याण समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक की गई । इस बैठक की अध्यक्षता द्वारिका पासवान ने किया। जिसमें महाबली बाबा चौहरमल जयंती को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए।

# स्पीड न्यूज

## कांग्रेस की बैठक आज, भाजपा की नीतियों को करेंगे उजागर

**बरवाडीह।** रविवार को कांग्रेस पार्टी के प्रखंड कार्यालय में प्रखंड कमेटी की बैठक के साथ-साथ देश में भाजपा के बढ़ते अत्याचार और लोकतंत्र की जारी हत्या के खिलाफ प्रेस वार्ता आहूत की गई है। उक्त जानकारी कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता ने दी। वहीं उन्होंने प्रखंड कमेटी के सभी सम्मानित पदाधिकारी, सदस्य, जिला कमेटी के सम्मानित पदाधिकारी, सदस्य, प्रदेश कमेटी के पदाधिकारी और सदस्य के साथ पार्टी से जुड़े सभी सम्मानित पंचायत प्रतिनिधि ग्राम प्रधान और सभी समर्थकों को बैठक में आमंत्रित किया है।

## तेज आंधी-तूफान से बिजली खंभा व ट्रांसफार्मर हुआ क्षतिग्रस्त

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र मे अचानक मौसम का बदला मिजाज तेज आंधी तूफान के साथ बारिश के कारण कई एलवेस्टर, पेड़ पौधा सहित बिजली खम्भा व ट्रांसफार्मर भी क्षतिग्रस्त हुआ। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक शनिवार दोपहर मे अचानक तेज आंधी तूफान के साथ बारिश होने लगी, जिससे बारियातू प्रखंड क्षेत्र के कई एलवेस्टर, पेड़ पौधा, बिजली खम्भा सहित इटके मे लगे ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गया।

## 'पैसा बोलता है' पर सेमिनार का किया गया आयोजन

**लातेहार।** झारखंड प्रदेश के ख्याति प्राप्त नेतरहाट आवासीय विद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग अध्यक्ष डॉ. प्रसाद पासवान के निर्देशन में चिरंजीवी विशाल सोनी ने (पैसा बोलता है) का सेमिनार प्रस्तुत किया। डॉ. प्रसाद पासवान के द्वारा (पैसा बोलता है) पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। 12 वीं के छात्र विशाल सोनी ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से पैसा के बारे में प्रकाश डाला। उसने अपने सेमिनार में रुपया पैसा का महत्व तथा बैंकों के बारे मे बताया। छात्रों के कुछ सवालों के जवाब शिक्षक रवि रंजन ने दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन सम्मेलन प्रभारी रवि प्रकाश ने किया। अंत में डॉ. प्रसाद पासवान ने भारतीय अर्थव्यवस्था पर विशेष व्याख्यान दिया। प्राचार्य डाक्टर संतोष कुमार सिंह ने सभी शिक्षकों का विशेष आभार प्रकट किया।

## आजसू पार्टी मनायेगा शहीद रघुनाथ महतो का शहादत दिवस

**लातेहार।** पांच अप्रैल को शहीद रघुनाथ महतो जी का शहादत दिवस आजसू पार्टी के जिला कार्यालय में मनाया जाएगा। जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष अमित पांडे की अध्यक्षता में बैठक कर निर्णय लिया गया कि शहीद रघुनाथ महतो शहादत दिवस 5 को एवं अंचल में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ 3 को होने वाले धरना प्रदर्शन को 6 अप्रैल को किया जाएगा। कार्यक्रम में सभी केंद्रीय कमेटी सदस्य पदाधिकारी जिला के पदाधिकारी सभी प्रखंड अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक में जिला उपाध्यक्ष श्रवण पासवान, प्रीतम कुमार गुप्ता, संजय तिवारी, कृष्णा साहू, नब्बू भैया, अनिल पासवान, ताज मोहम्मद, समीम अंसारी, मुराद खान इत्यादि लोग उपस्थित हुए।

## सिविक एक्शन के तहत ग्रामीणों के बीच सामग्री का वितरण

**गारू।** ई-218 बटालियन सीआरपीएफ द्वारा बारेसाढ़ में सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत कमाण्डेन्ट मो. खालिद खान 218 बटालियन सीआरपीएफ के सौजन्य से संजय त्रिपाठी द्वितीय कमान अधिकारी के नेतृत्व में बारेसाढ़ थानान्तर्गत के पहाड़कोचा, मायापुर एवं बारेसाढ़ के जरुरतमन्द ग्रामीणों के बीच कड़ाई व पानी की टंकी (स्टील ड्रम) का वितरण किया गया। इसके साथ-साथ ग्राम वासियों के लिए देशभक्ति फिल्म दिखाया गया और जलपान का आयोजन भी साथ ही किया गया। इस मौके पर सिलक राम, सुमित संजय सोरेन, निरी/जीडी शहीदुउल हसन, राम सहाय यादव, एवं एसआई पवन कुमार रजक मौजुद रहे। श्री त्रिपाठी ने संबोधित करते हुए कहा कि सीआरपीएफ द्वारा समय-समय पर आपको ऐसे कार्यक्रम से लाभान्वित किया जायेगा। सीआरपीएफ ग्रामीणों की मदद के लिए है हमेशा तत्पर है।

## पूर्व सीएम रघुवर दास के कार्यक्रम को लेकर भाजपा की बैठक



बैठक में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ता।

**बरवाडीह।** आगामी 4 अप्रैल को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास के छिपादोहर में आगमन को लेकर भारतीय जनता की पार्टी की बैठक शनिवार को छिपादोहर मंडल में आहूत की गई। बैठक में भाजपा के जिला अध्यक्ष और मनिका विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह उपस्थित हुए। जहां हरिकृष्ण सिंह ने बताया कि आगामी 4 अप्रैल को छिपादोहर हाई स्कूल के मैदान में दोपहर 1 बजे पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से उक्त कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा की संख्या में भाग लेने की अपील की है। इधर मिली जानकारी के अनुसार भाजपा की छिपादोहर में आहूत इस बैठक की सूचना बरवाडीह सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद को नही दिए जाने से कई कार्यकर्ताओं में नाराजगी भी देखी गई है। इस बैठक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजधानी प्रसाद यादव, बंसी यादव, ध्रुव पांडेय, बरवाडीह मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह, मुद्रिका सिंह, अजय सोनी, प्रदीप सिंह, प्रखंड प्रमुख सुशील देवी, प्रखंड प्रमुख मनिका प्रतिमा देवी, शिला देवी, अजय प्रसाद, सुनील सिंह, विकास सिंह, दिलीप यदुवंशी, अमरजीत सिंह, नरेश सिंह, बृजमोहन सिंह, दिलीप और अनूप समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बालूमाथ में हर्षोल्लास के साथ निकाला गया दशमी विजय जुलूस

## मर्यादा पुरुषोत्तम सभी राम भक्तों के जीवन में सुख समृद्धि लायें : सुनील सिंह

➲ मर्यादा पुरुषोत्तम के विचारों को अपने जीवन में उतारें : बैद्यनाथ राम

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम का उद्घाटन करते सांसद, विधायक व अन्य।



अखाड़ा में लाठी भांजते सांसद व विधायक।

**बालूमाथ।** बालूमाथ में रामनवमी के अवसर पर भव्य विजयदशमी जुलूस निकाला गया। जुलूस में दर्जनों अलग-अलग अखाड़ा समिति द्वारा हजारों राम भक्तों ने भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभा यात्रा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुनील सिंह ने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम सभी राम भक्तों के जीवन में सुख समृद्धि दे। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के बाद हम लोग रामनवमी का जुलूस भव्य रूप से नहीं मना पा रहे है। इस बार बालूमाथ में भव्य शोभायात्रा निकाली गई है। इसके लिए बालूमाथ के सभी राम भक्त बधाई के पात्र हैं। विशिष्ट अतिथि लातेहार विधानसभा क्षेत्र के विधायक बैद्यनाथ राम ने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम के बताए हुए मार्ग पर हम सभी राम भक्तों को अपने जीवन में आदर्श के रूप में लेकर पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बालूमाथ अखाड़ा कमेटी द्वारा भव्य शोभायात्रा निकालकर एक मिसाल कायम की है। उन्होंने सभी राम भक्तों से अपील करते हुए कहा कि रामनवमी को और भव्य रूप से भविष्य में आप लोग मनाये और सभी धर्मों का सम्मान करें। रामनवमी भगवान श्री राम के जन्म दिन पर मनाई जाती है। लेकिन रामनवमी में हनुमान जी की पूजा की जाती है। ऐसा इसलिए होता है कि भक्तों को भी भगवान सम्मान देते हैं। आप सभी राम भक्त हैं। बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार ने कहा कि बालूमाथ के सभी संप्रदाय के सहयोग से भव्य रामनवमी जुलूस मनाया जाता है। आज के रामनवमी में विशाल भव्य शोभायात्रा निकलने के बावजूद राम भक्तों द्वारा श्रमिक एवं अनुशासन का परिचय देकर एक समाज को अच्छा संदेश देने का कार्य किया है। वहीं मंच को चेतलाल रामदास, संजीव कुमार सिन्हा, मो. शमीम, पुलिस इंस्पेक्टर शशी रंजन समेत कई लोगों ने संबोधित करते हुए रामनवमी पर्व पर प्रकाश डाला।

### कई समितियों ने निकाली भव्य झांकी एवं शोभायात्रा

इससे पूर्व भामाशाह नगर, चट्टी टोला, टमटमटोला, हरिजन मोहल्ला, मुरपा मोड, बड़का बालूमाथ, चेताग, नगड़ा समेत कई समिति द्वारा भव्य झांकी एवं शोभायात्रा निकाली गई। वहीं अच्छे प्रदर्शन करने पर लोगों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। जिसमें अच्छा झांकी प्रदर्शन में हरिजन मोहल्ला, टमटमटोला को अच्छा कला प्रदर्शन के लिए मुरपा मोड़, अच्छा साउंड प्रदर्शन के लिए चट्टी टोला सयंमीत जुलूस निकालने के लिए चेताग भव्य जुलूस के लिए नगड़ा झांकी व भव्य जुलूस के लिए बड़का बालूमाथ को पुरस्कृत किया गया। आयोजन समिति के द्वारा आए हुए अतिथियों को मेमंटो, बुके, पगड़ी, तलवार, चुनरी देकर सम्मानित किया गया। शोभा यात्रा बालूमाथ महावीर मंदिर, जामा मस्जिद, चेताग, मुरपा मोड, बस स्टैंड टमटम टोला समेत कई टोला मोहल्ला का भ्रमण करते हुए बस स्टैंड के समीप बनाए गए मंच के समीप पहुंचा एवं झांकी व कला का प्रदर्शन किया। जुलूस में आए हुए राम भक्तों द्वारा जय श्री राम के गूंज से पूरा बालूमाथ भक्ति में हो गया। जुलूस में शामिल लोगों ने डीजे व बैंड पर जमकर थिरकते नजर आए।

### सांसद-विधायक ने अपनी कला का किया प्रदर्शन

रामनवमी कार्यक्रम में भाग लेने पहुँचें चतरा सांसद सुनील सिंह, लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए लाठी मुकाबला खेला। वहीं सांसद सुनील सिंह ने तलवारबाजी का प्रदर्शन कर लोगो का मन मोह लिया। वहीं इस सफल आयोजन के लिए महावीर मंडल के अध्यक्ष राजेंद्र साहू को बधाई दिया।

### तैनात पुलिसकर्मियों को किया गया सम्मानित

बालूमाथ में रामनवमी पूजा को सफल मनाने के लिए पुलिस कर्मियों की भूमिका सराहनीय रही। सब इंस्पेक्टर कुबेर साब, दुती कृष्ण महतो, दीपनारायण सिंह, रामजी महतो, केके शर्मा, कसीमद्दीन, मुखतार अंसारी, नीतीश कुमार, कैलाश बाडा, मनोज मूर्मू, सीएस दुबे, रामजी मेहता, मुंसी राहुल कुमार सहित कई पुलिसकर्मियों को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार भगवा गमछा और तलवार देकर सम्मानित किया। मौके पर बोलते हुए सर्किल इंस्पेक्टर शशिरंजन कुमार ने कहा की परिवार से दूर रहकर पुलिसकर्मी अपनी जिम्मेदारी निभाते है।

## तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक की मौत, तीन घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र में शुक्रवार की देर शाम की अलग-अलग सड़क दुर्घटना में एक की मौत हो गई जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार विपिन साव 27 वर्ष पिता नरेश साव ग्राम सेन्हा लोहरदगा निवासी बालूमाथ के झाबर ग्राम से कार से सवार होकर अपने घर सेन्हा जिला लोहरदगा जा रहा था। इसी बीच बनियो ग्राम के समीप असंतुलित होकर तीखी मोड में असंतुलित होकर पेड़ में जा टकराया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बालूमाथ पुलिस के सहयोग से विपिन साव को घायल अवस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेश राम द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। वहीं दूसरी घटना गणेशपुर ग्राम के पास घटी जहां बुटन साव ग्राम चमातु एवं अजय साहू 28 वर्ष ग्राम आरा एक मोटरसाइकिल में सवार होकर गणेशपुर से अपने घर जा रहा था गणेशपुर ग्राम के समीप तीखे मोड में असंतुलित होकर मोटरसाइकिल से गिर गया और दोनों गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों घायलों को आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से बालूमाथ अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक द्वारा स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया। वहीं तीसरी घटना बालूमाथ रांची एनएच 22 मकेया ताड़ ग्राम के पास घटी जहां मोटरसाइकिल में सवार कुलदीप गंझू 25 वर्ष पिता जगेश्वर गंझू ग्राम बालू चंदवा से अपने घर बालू जाने के क्रम में असंतुलित होकर एक पेड़ से जा टकराया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

## बनालात शिव मंदिर में सात दिवसीय रूद्र महायज्ञ को लेकर किया ध्वजारोहण

खबर मन्त्र संवाददाता



पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु।

**बारियातू।** प्रखंड के अमरवाडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम बानालात ग्राम के नवनिर्मित शिव मंदिर परिसर में श्री श्री 1008 श्री रूद्र महायज्ञ सह शिव परिवार एवं सात दिवसीय हनुमत प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ध्वजारोहण किया गया। शिव परिवार हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह सात दिवसीय रूद्र महायज्ञ मे पंडित सतीश कुमार पाठक,त्रिभुवन नाथ पाठक नन्दन कुमार पाठक,सुखदेव पाठक के सानिध्य में गाजे बाजे के साथ महिला पुरूष श्रद्धालुओं ने महावीरी पताके के साथ बनालात बस्ती, सोहरवाटांड,पार गढ़ा, मध्य विधालय, मनातु होते पुनः यज्ञ स्थल पहुंचे। जहाँ सभा मे तब्दील हो गई। यजमान लखन सिंह पत्नी रतन देवी, जयप्रकाश सिंह पत्नी सुनिता देवी, ओमप्रकाश पत्नी मिना देवी, सिबदेव सिंह पत्नी ललीता देवी, कृष्ण बल्ब सिंह पत्नी रूकमणी देवी, गोपाल नाथ सिंह पत्नी चंपा देवी, बैजनाथ सिंह पत्नी अनिता देवी वैदिक मंत्रोंचार के साथ पुजन की। इसके पश्चात यज्ञ स्थल में महावीरी पताके का विधिवत पूजा कर ध्वजारोहण कराया गया। ध्वजारोहण कार्यक्रम को सफल बनाने में यज्ञ समिति के अध्यक्ष नन्दन किशोर पाठक, कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, सचिव अक्षयवट सिंह, संयोजक ओमप्रकाश सिंह सहित यज्ञ समितियों ने अहम भुमिका निभाए। यज्ञ के संबंध में जानकारी देते हुए संयोजक ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि 7 मई को कलशयात्रा, 10 मई को प्राणप्रतिष्ठा, 13 मई को विसर्जन किया जाएगा। यज्ञ के दौरान प्रति दिन भण्डारा का व्यवस्था किया गया है। प्रतिदिन रात्री 7 बजे से प्रवचन, यज्ञ में कथावाचक पूज्य अरूण शास्त्री जी के द्वारा किया जायेगा।

## लातेहार स्थापना दिवस के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का किया गया पूर्वाभ्यास

खबर मन्त्र संवाददाता



पूर्वाभ्यास करते बच्चे।

**लातेहार।** आगामी चार अप्रैल को लातेहार जिला स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का पूर्वाभ्यास किया गया। साथ ही कार्यक्रमों के लिए चयन भी किया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के सभागार में आयोजित इस पूर्वाभ्यास व चयन में अनुमंडल पदाधिकारी शेखर कुमार, जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कंडुलना, एपीओ रोज मिंज और स्वर संगम के आशीष टैगोर शामिल थे। पूर्वाभ्यास में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय लातेहार, चंदवा मनिका एवं बालूमाथ के अलावा केंद्रीय विद्यालय लातेहार, राजकीय मध्य विद्यालय आश्रम, राजकीय मध्य विद्यालय चंदनडीह, राजकीयकृत उच्च विद्यालय लातेहार एवं राजकीयकृत बालिका विद्यालय लातेहार के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

### लातेहार जिले का 22वां स्थापना दिवस

प्रतिभागियों ने कई आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बता दें कि चार अप्रैल को लातेहार जिला का 22वां स्थापना दिवस है। इस मौके पर जिला प्रशासन के द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन संध्या 6 बजे से पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन, रेलवे स्टेशन रोड में किया जाएगा। जिला स्थापना दिवस पर प्रभात फेरी, सद्भावना दौड़, कारगिल पार्क में पुष्पांजलि, फैंसी क्रिकेट मैच और विकास मेला का भी आयोजन किया जाएगा।

## प्रधानाध्यापिका सुनीता बेक को दी गयी विदायी



**लातेहार।** राजकीय मध्य विद्यालय बाजार की प्रधानाध्यापिका सुनीता बेक को उनकी सेवानिवृति के उपरांत एक सादे समारोह में विदायी दी गयी। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी ऋषि कुमार व प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजश्री पूरी मौजूद थे। क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि सरकारी सेवा में योगदान देने के साथ ही सेवानिवृति की तिथि तय हो जाती है। उन्होने श्रीमती बेक के उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत नहीं होते हैं। सदैव अपने अनुभवो से समाज का मार्गदर्शन करते हैं। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने भी श्रीमती बेक के शेष जीवन के लिए मंगलकामना की। मौके पर सेवानिवृत प्रधानाध्यापिका ने कहा कि उन्हें अपने सेवाकाल के हर पदस्थापन में बहुत कुछ सीखने को मिला। लातेहार की स्मृति सदैव उनके साथ रहेगी। इससे पहले विद्यालय के शिक्षक अमेरिका गुप्ता, सुनीता भास्कर, बबिता कुमारी, एफ लकड़ा समेंत चंदन कुमार आदि ने उन्हें उपहार भेंट किया। इस अवसर पर स्वच्छता समन्वयक संजीत कुमार पांडेय, चंदन सिंह, सिंधु कुमारी, राबर्ट टोप्पनो समेंत कई लोग उपस्थित थे।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने की प्रेस वार्ता

**बारियातू।** बारियातू प्रखण्ड मुख्यालय में कांग्रेस पार्टी कार्यालय में राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि सह प्रखण्ड अध्यक्ष रिगन कुमार के अध्यक्षता में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राहुल गाँधी की सदस्यता की सदस्यता असंवैधानिक अन्यायपूर्ण नीति के खिलाफ नुक्कड़ सभा व जय भारत सत्याग्रह के माध्यम से विरोध प्रदर्शन करने की बात कहा। प्रखंड अध्यक्ष रिगन कुमार व मुख्य अतिथि कांग्रेस पार्टी जिला उपाध्यक्ष अवध किशोर सिंह प्रेस वार्ता मे बताया की जब भारत में एक सुई की कारखाना नहीं लगा था उस काल में प्रधानमंत्री नेहरु देश का नेतृत्व कर देश को विकास के पथ पर अग्रसर किया। आज उसी के वंशज राहुल गांधी को भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा जैसे मुद्दों पर सवाल पुछने पर मोदी सरनेम जैसे बातों को तुल देकर लोक सभा की सदस्यता रद्द कर दिया जाता है। उन्होंने आगे कहा कि 29 मार्च से 10 अप्रैल तक पुरे देश में जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम चलाया जायेगा। 15 से 20 अप्रैल को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, सांसद, विधायक, प्रदेश पदाधिकारी और न्युनतम 15 हजार कार्यकताओं के भागीदारी से समाहरणालय घेराव जैसे कार्यक्रम करना है।

## चंदवा मेनो नाइट के पास ट्रक ने ऑटो को मारी टक्कर, 3 घायल

**चंदवा।** एनएच-75 नया(39) रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत मेनो नाईट मिशन के समीप शनिवार की सुबह एक चंदवा से लातेहार की ओर जा रही ट्रक ने ऑटो को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ऑटो अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त जो गयी। दुर्घटना में ऑटो के परखच्चे उड़ गए व ऑटो में सवार विनोद सिंह, कुंदन कुमार व अनुज कुमार तीनो मोंगर लातेहार गम्भीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों एवं स्थानीय लोगो की मदद से तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंचाया गया जहां तीनो का प्राथमिक उपचार चल रहा था।

# चाकू मारकर बेरहमी से की गयी युवक की हत्या

## अज्ञात अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम, साप्ताहिक बाजार स्थित टोंगरी पर फेंका मिला युवक का शव

खबर मन्त्र संवाददाता



मृतक के घर पर पहुंचे राजद नेता व अन्य।

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित ग्राम नावाडीह के रहने वाले एक युवक को चाकू मारकर बेरहमी से हत्या कर दी गई है। अज्ञात अपराधियों ने युवक की हत्या कर शव को सप्ताहिक बाजार स्थित टोंगरी पर फेंक दिया। जब दिन शनिवार को अहले सुबह स्थानीय लोगों ने युवक के शव को देखा तो तुरंत इसकी सूचना मनिका पुलिस को दिया। घटना की सूचना मिलने के तुरंत बाद ही थाना प्रभारी मनिका राणा भानु प्रताप सिंह,एसआई प्रदीप राय,एएसआई राम प्रताप सिंह,चौकीदार अनिल पासवान,समेत पुलिस बल के अन्य जवान घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया। मृतक की पहचान विकास भुइयां पिता स्वर्गीय हीरु भुइयां उम्र 25 वर्ष घर नावाडीह के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक युवक शुक्रवार को सप्ताहिक बाजार मनिका घरेलू सामग्री खरीदने आया था जिसके बाद युवक घर वापस नहीं लौटा और शनिवार की सुबह उसकी मृत अवस्था में शव बरामद की गई। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक युवक का दो शादियां हुई थी पहले बीवी से एक भी बच्चा नहीं हुआ था जिसके बाद उसकी दूसरी शादी 1 वर्ष पूर्व में ही हुआ था उसकी दूसरी बीवी 7 महीने की गर्भावस्था में है। युवक की हत्या के बाद उसके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### क्या कहते हैं थाना प्रभारी

घटना के विषय में पूछे जाने पर थाना प्रभारी मनिका राणा भानु प्रताप सिंह ने कहा कि युवक का मृत शव देखकर प्रतीत होता है कि चाकू मारकर बहुत ही बेरहमी से इसकी हत्या की गई है पुलिस के द्वारा मामले की गंभीरता पूर्वक जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है बहुत जल्द हत्या से संलिप्त अपराधी पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

### मृत युवक के घर पहुंचे गिरिजानंद सिंह चेरो

वहीं पोस्टमार्टम के बाद शव घर आने पर मनिका विधान सभा क्षेत्र के राजद के भावी प्रत्याशी व चुनाव प्रभारी गिरिजानंद सिंह चेरो उर्फ गिरी जी मृतक के घर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। गिरिजानंदन सिंह ने मृतक के परिवार वालों को उसके अंतिम संस्कार के लिए आर्थिक सहयोग राशि भी उपलब्ध करवाया और आगे भी परिजनों को हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया। मौके पर राजद किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद यादव, शिवानंद यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

# एक नजर में

## कोरोना व एच3एन2 के बढ़ते प्रकोप से बचाव को लेकर प्रशासन ने चंदवा में किया मॉक ड्रिल



मॉक ड्रिल करते चिकित्सक।

**चंदवा।** एक बार फिर से पांव पसार रही कोरोना के संभावित खतरे व एच-3 एन-2 वायरस के प्रकोप से राहत व बचाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने तैयारी तेज कर दी है। लातेहार डीसी भोर सिंह यादव के निर्देशानुसार शनिवार को चंदवा प्रखण्ड प्रशासन के द्वारा चंदवा सीएचसी में मॉक ड्रिल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान संक्रमण से बचाव को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों को पूर्वाभ्यास कराया गया। इस दौरान बीडीओ विजय कुमार ने सीएचसी में ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड को क्रियाशील रखने, मरीजों के समुचित देखभाल की व्यवस्था करने, बाहर से आने वाले लोगो पर निगरानी रखने व कोविड जांच सुनिश्चित करने के साथ हर परिस्थिति से निपटने को तैयार रहने की बात कही। सीएचसी प्रभारी नंद कुमार पांडेय ने लोगो से कोरोना से बचाव को लेकर मास्क, सैनिटाइजर का उपयोग सुनिश्चित करने व कोविड अनुरूप व्यवहार का अनुपालन सुनिश्चित करने की बात कही। मौके पर चंदवा सीएचसी के स्वास्थ्य कर्मी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## कोरोना को संभावित प्रकोप को देखते हुए पीएचसी बारिखाप में किया गया मॉक ड्रिल



बारिखाप में मॉक ड्रिल करते स्वास्थ्य कर्मी।

**बारियातू।** प्रखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारिखाप मे सीएचसी प्रभारी सुरेश राम ने मॉक ड्रिल किया। उक्त संबंध मे जानकारी देते हुए प्रभारी राम ने कहा की कोराना के संभावित प्रकोप को देखते हुए। महामारी जैसे बीमारी से निपटने के लिए कोविड सेंटर बारिखाप मे स्वास्थ्य कर्मियों के साथ मॉक ड्रिल किया गया। कोराना के संभावित प्रकोप को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा कोरोना का गाइडलाइन को पालन करने का निर्देश दिया गया। जिसके आलोक मे मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। कोरोना से बचाव के सम्बन्ध मे जानकारी देना है पूर्व के भांति दुरी बनाकर रहना, मास्क लगाना, सेनिटाइजर का उपयोग करना सहित बचाव के लिए जागरूकता करना, जाँच के बाद कोरोना पोजेटिव पाये जाने वाले मरीजों को बनाए गए कोविड सेंटर बारिखाप मे मॉक ड्रिल के दौरान ईलाज के सम्बन्ध मे स्वास्थ्य कर्मियों को जानकारी दिया गया। मौके पर बीपीएम मृत्युंजय कुमार, पंकज पाण्डेय,दीपांशु कुमार, बलराम कुमार, अनिल कुमार गुप्ता, गुलाम कुरैशी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## हत्यारों की गिरफ्तारी को लेकर सड़क जाम



जाम में उपस्थित लोग ।

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र में लगभग एक माह के दौरान दलित परिवार के दो लोगों की हत्या और थाना में आवेदन देने के बाद रिसीविंग नहीं देने से आक्रोशित भाकपा माले व भुइयां समाज के द्वारा दिन शनिवार को कुछ समय के लिए थाना परिसर के सामने राष्ट्रीय मार्ग 39 को जाम कर दिया। हालांकि थाना प्रभारी राणा भानुप्रताप सिंह के द्वारा सड़क जाम करने के तुरंत ही भाकपा माले व भुइयां समाज के लोगों को आवेदन का रिसीविंग दिया गया। वहीं थाना प्रभारी मनिका राणा भानु प्रताप सिंह के द्वारा हत्यारों की जल्द गिरफ्तार करने के आश्वासन के बाद सड़क जाम हटाया गया। सड़क जाम में झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष सिकेश्वर राम भाकपा माले से संजय सिंह, मुनेश्वर सिंह, अजय यादव,समेत कई लोग उपस्थित थे।

## प्रखंड कांग्रेस ने मोदी-अडानी पर साधा निशाना



प्रेस वार्ता कर जानकारी देते कांग्रेस कार्यकर्ता।

➲ अडाणी की शेल कंपनियों में अचानक 20 हजार करोड़ रुपये आये किसके हैं, बताये मोदी सरकार : कांग्रेस

**चंदवा।** कांग्रेस के देशब्यापी जय भारत सत्याग्रह आंदोलन के तहत, प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देश पर शनिवार को प्रखंड कमिटी ने राहुल गांधी के संसद सदस्यता समाप्त करने के विरोध में केंद्र की भाजपा नेतृत्व वाली नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ प्रेस वार्ता किया। रामयश पाठक ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की तानाशाही के खिलाफ कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष कर रही है। अडानी मुद्दे एवं भ्रष्टाचार को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल पूछने के कारण अलोकतांत्रिक तरीके से राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त कर दी गई। जो एक प्रकार से इस देश में लोकतंत्र पर किया गया सबसे बड़ा कुठाराघात है। प्रखंड अध्यक्ष असगर खान ने कहा कि आज लोकतंत्र को बचाने के लिए कांग्रेस पार्टी सक्रिय एवं सजग रूप से अपने नैतिक दायित्वों का निर्वहन कर रही है। इस पूरे महीने चरणबद्ध तरीके से कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र को बचाने के लिए मोदी सरकार के पोल खोलने के लिए अभियान चलाती रहेगी। उन्होंने कहा कि शेल कंपनियों के जरिए हजारों करोड़ रुपये का विदेशी पैसा अडानी ग्रुप में इन्वेस्ट किया गया। अडानी की शेल कंपनियों में अचानक 20 हजार करोड़ रुपये आए, ये पैसा कहां से आया किसका था, रक्षा मंत्रालय सवाल क्यों नहीं पूछ रहा है। मौके पर निर्मल भारती, श्रीराम श्र्मा, हाफिज शेर मोहम्मद, छटन राम व अन्य शामिल थे।

